● जयपुर, सोमवार, 18 मार्च 24 ● वर्ष 13 ● अंक 208 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● **स्वामी विवेकानंद**

पेज @3 सम्मान मील का पत्थर साबित होता है: कर्नल सारंगदेवोत...

पेज @4 डकैतों-बदमाशों को हथियार सप्लाई करने आये दो तस्करों को 20 अवैध...

पेज @8 पत्रकारों की लंबित मांगों को शामिल कर पत्रकारों को आवश्यक मूलभूत...

## संक्षिप्त समाचार

### विराट कोहली आईपीएल 2024 के लिए लौटे भारत

**नई दिल्ली/एजेंसी।** विराट कोहली लंदन से भारत लौट आए हैं। इसका मतलब ये है कि किंग कोहली करीब 2 महीने बाद आईपीएल के जरिए एक बार फिर क्रिकेट के मैदान पर वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। विराट कोहली को आईपीएल 2024 से पहले अपनी फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) में शामिल होने के लिए लंदन से भारत लौटते समय मुंबई हवाई अड्डे पर देखा गया। इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज के शुरू होने से ठीक पहले ही विराट ने टीम इंडिया से छुट्टी ले ली थी। विराट अपने दूसरे बच्चे के जन्म के समय अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ रहना चाहते थे। इसलिए, उन्होंने क्रिकेट से दूरी बनाए रखने का फैसला किया। हालांकि, सोशल मीडिया पर अपने बेटे अकाए के जन्म की खबर देने से पहले इस स्टार कपल ने इस बात को राज रखा। पूर्व भारतीय कप्तान अब आरसीबी कैंप में शामिल होने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। पहले यह बताया गया था कि वह आरसीबी 'अनबॉक्स' इवेंट से पहले बेंगलुरु में अपने साथियों के साथ शामिल हो सकते हैं। यह कार्यक्रम 19 मार्च को बेंगलुरु में आयोजित होने वाला है।

### तीन दिवसीय 'स्टार्टअप महाकुंभ' में एक हजार स्टार्टअप व पांच हजार उभरते उद्यमी लेंगे भाग

**नई दिल्ली/एजेंसी।** राजधानी के भारत मंडपम व भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) में 18-20 मार्च तक आयोजित होने वाले 'स्टार्टअप महाकुंभ' में 1,000 से अधिक स्टार्टअप, 1,000 से अधिक निवेशक, 5,000 भावी उद्यमी और 40 हजार आगंतुक भाग लेंगे। इस मौके पर 34 से अधिक डीप-टेक स्टार्टअप नैसकॉम पवेलियन में अपने नवाचारों का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के भीतर अपनी भूमिका को बताने के लिए वरिष्ठ महिला नेता भी भाग लेंगी। नैसकॉम के अध्यक्ष देबजानी घोष के अनुसार, 'स्टार्टअप महाकुंभ' में, हम सिर्फ स्टार्टअप का प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं।

## लोकसभा आम चुनाव-2024: मीडिया आमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से की वार्ता

## लोकसभा चुनाव 2024 के कार्यक्रमों और आदर्श आचार संहिता की दी जानकारियां

### सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों को वीसी के माध्यम से दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर। (खलील कुरैशी)।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने रविवार को सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ शासन सचिवालय में बैठक आयोजित कर उन्हें लोकसभा चुनाव 2024 के कार्यक्रम तथा आदर्श आचार संहिता की जानकारी दी। बैठक में निर्वाचन विभाग ने सभी दलों से स्वतंत्र-निष्पक्ष एवं शातिपूर्ण मतदान तथा आदर्श आचार संहिता का पालन करवाने के लिए पूर्ण सहयोग देने का आग्रह किया है। प्रत्येक प्रत्याशी एवं राजनैतिक दलों को अपनी वेबसाइट, सोशल मीडिया हेन्डल, राष्ट्रीय एवं स्थानीय समाचार पत्रों में प्रत्याशी की आपराधिक पृष्ठभूमि के बारे में कम से कम तीन बार प्रकाशित करवाना होगा। सभी पोलिंग बूथ पर बीएलए की नियुक्ति तुरंत प्रभाव से करने का भी आग्रह किया।



### जिला निर्वाचन अधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

» गुप्ता ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदाता सूचियों के अपडेशन, मतदान केन्द्रों के पुनर्गठन, चुनाव के लिए कार्मिकों की तैनाती तथा बूथ स्तर तक निर्वाचन प्रबंधन के बारे में निर्देश दिए। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपैट के स्टॉक की समीक्षा करने तथा इन मशीनों का समुचित रैंडमाइजेशन करने का सुझाव दिया। श्री गुप्ता ने आपराधिक मामलों वाले अभ्यर्थियों के संबंध में आयोग के निर्देशानुसार मीडिया माध्यमों में सूचना प्रकाशन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों को चुनाव खर्च की मॉनिटरिंग के लिए विभिन्न टीमों, उडनदस्तों आदि में नियोजित कर्मचारियों को मॉनिटरिंग प्रक्रिया की जानकारी, खर्च के लेखांकन तथा लेखा समाधान बैठकों के आयोजन के लिए भी निर्देशित किया।

### चुनाव अधिकारी निष्पक्ष रूप से बिना भय के काम करें

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग चुनाव प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों से बिना किसी भय एवं पक्षपात के अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की अपेक्षा करता है। सभी अधिकारी लगातार आयोग के नियंत्रण, पर्यवेक्षण एवं अनुशासन में रहकर कार्य करें उनका आचरण हर समय संदेह से परे रहना चाहिए। चुनाव कार्य के दौरान कर्तव्य निर्वहन में किसी भी कमी एवं लापरवाही पर आयोग संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करेगा।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने पुलिस अधीक्षकों को वीसी के माध्यम दिए निर्देश कि चुनाव कार्य के सुरक्षा प्रबंधन में मतदान कर्मियों, केन्द्रों एवं सामग्री की सुरक्षा भी शामिल है। ऐसे में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं विश्वसनीय तरीके से चुनाव के लिए अनुकूल, शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है। इसके लिए स्थानीय स्तर पर राज्य पुलिस बल के साथ-साथ केन्द्रीय पुलिस बलों की आवश्यकतानुसार तैनाती की जानी चाहिए। उन्होंने जमीनी स्थिति के आकलन के आधार पर संवेदनशील इलाकों में कमजोर वर्गों, अल्पसंख्यकों आदि में विश्वास जगाने के लिए फ्लैग मार्च आदि के आयोजन के निर्देश दिए। श्री गुप्ता ने मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने, नवपंजीकृत मतदाताओं को ईवीएम की जानकारी देने तथा लोकसभा आम चुनाव में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन सामग्री के लिए सभी जरूरी आपूर्ति समय रहते सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी जिलों में मीडिया प्रकोष्ठ की स्थापना और मीडिया में जारी होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों के अधिप्रमाणन के लिए जिला स्तरीय समितियों के गठन के भी निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंस में राज्य पुलिस के नोडल ऑफिसर एवं एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग के नोडल ऑफिसर,सभी संभागीय आयुक्त तथा पुलिस रेंज के महानिरीक्षक सहित अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे।

### मीडिया आमुखीकरण कार्यक्रम का भी हुआ आयोजन

» वीसी से पहले मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मीडिया कार्मिकों के आमुखीकरण कार्यक्रम में चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों के निस्तारण में मीडिया से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन विभाग सी–विजिल एप के जरिए प्राप्त होने वाली शिकायतों के साथ साथ मीडिया में प्रकाशित– प्रसारित खबरों पर भी नजर रखेगा। और उनका यथाशीघ्र समुचित निस्तारण करेगा। उन्होंने मतदाता जागरूकता के लिए चलाए जा रहे अभियानों, स्वीप गतिविधियों मतदाता सूचियों के अपडेशन, चुनावी खर्च की मॉनिटरिंग तथा आचार संहिता उल्लंघन के मामलों में मीडिया की प्रभावी भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने मीडियाकर्मियों से इन गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल होकर निष्पक्ष, भयमुक्त और धनबल के प्रभाव से रहित चुनाव संपन्न कराने में सहयोग का आ''ान किया। सभी मतदान केन्द्रों पर आओ बूथ चले अभियान लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन विभाग की पहल पर बड़े पैमाने पर स्वीप गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।

## इंडियन नेवी 14 ने अरब सागर में भी पेश की बहादुरी की मिसाल

# 35 समुद्री डाकुओं ने किया सरेंडर

## चालक दल के 17 सदस्यों को बचाया

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

भारतीय नौसेना ने अरब सागर में अपनी बहादुरी की एक और मिसाल कायम की है। कोलकाता ने शनिवार को पिछले साल 14 दिसंबर को अपहृत पूर्व-एमवी रुएन से चालक दल के 17 सदस्यों को सफलतापूर्वक बचाते हुए सभी 35 सोमाली समुद्री डाकुओं को आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर किया। इंडियन नेवी का 40 घंटे का ऑपरेशन शाम को खत्म हुआ और चालक दल के सभी सदस्यों को बिना किसी चोट के बचा लिया गया।

नौसेना के अनुसार, आईएनएस कोलकाता ने समुद्री डाकू जहाज रुएन को भारतीय तट से लगभग 2600 किमी दूर रोका था और आईएनएस सुभद्रा, हेल आरपीए, पी8आई समुद्री गश्ती विमान और मार्कोस झ प्रहार को सी-17 विमान द्वारा हवा में गिराया। इस कार्रवाई के कारण समुद्री डाकू जहाज रुकने के लिए मजबूर हो गया। जहाज से अवैध हथियार, गोला-बारूद और प्रतिबंधित सामग्री बरामद की गई।

नौसेना के प्रवक्ता विवेक मधवाल ने कहा, 'आईएनएस कोलकाता



ने पिछले 40 घंटों में ठोस कार्रवाई करके सभी 35 समुद्री डाकुओं को सफलतापूर्वक घेर लिया और आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर किया तथा बंधक बनाए गए जहाज से चालक दल के 17 सदस्यों की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित की।'

# भीड़ ने होस्टल में नमाज पढ़ रहे छात्रों पर किया हमला, 5 घायल



**अहमदाबाद/एजेंसी**

भीड़ ने शनिवार रात को गुजरात विश्वविद्यालय के छात्रवास पर धावा बोल दिया और कथित तौर पर नमाज पढ़ रहे अफ्रीकी देशों, अफगानिस्तान और उज्बेकिस्तान के छात्रों पर हमला कर दिया, जिसमें 5 अंतरराष्ट्रीय छात्र घायल हो गए हैं. राज्य के गृह मंत्री हर्ष सांघवी ने कथित तौर पर मामले को लेकर गुजरात के शीर्ष पुलिस अधिकारियों से बात की है और उन्हें जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने और निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए हैं.

छात्रों का कहना है कि कैंपस में कोई मस्जिद नहीं हैं और इस वजह से वो होस्टल के अंदर एकत्रित होकर रमजान के दौरान रात में पढ़ी जाने वाली नमाज तरावीह पढ़ते हैं. छात्रों ने आरोप लगाया है कि इसके तुरंत बाद ही लाठियों और चाकुओं से लैस एक भीड़ ने छात्रावास पर धावा बोल दिया, उनपर हमला किया और उनके कमरों में तोड़फोड़ की. छात्रों ने कहा कि होस्टल के सिक्योरिटी गार्ड ने भीड़ को अंदर आने से रोकने की बहुत कोशिश की थी लेकिन वो इसमें सफल नहीं हो पाए.

सोशल मीडिया पर शेयर की गई तस्वीरों में टूटी हुई बाइक, लैपटॉप और कमरों को देखा जा सकता है. कुछ तस्वीरों और वीडियो में लोग होस्टल पर पत्थर फेंकते हुए नजर आ रहे हैं और विदेशी छात्रों के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं. इन तस्वीरों और वीडियो में एक विदेशी छात्र यह कहता हुआ नजर आ रहा है कि वो ₹डरे₹ हुए हैं और इस तरह की चीजों को ₹स्वीकार नहीं किया जाएगा.

हैदराबाद के सांसद और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने इस घटना की निंदा की है और पूछा है कि क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह मामले में हस्तक्षेप करेंगे. एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा, ₹कितनी शर्म की बात है. जब आपकी भक्ति और धार्मिक नारे तभी सामने आते हैं जब मुसलमान शांतिपूर्वक अपने धर्म का पालन करते हैं.

जब आप मुसलमानों को देखते ही बिना किसी कारण क्रोधित हो जाते हैं. यह अमित शाह और नरेंद्र मोदी का गृह राज्य है और क्या वो कड़ा संदेश भेजने के लिए हस्तक्षेप करेंगे? @DrSJaishankar की घरेलू मुस्लिम विरोधी नफरत भारत की सद्भावना को नष्ट कर रही है.

# सम्मान मील का पत्थर साबित होता है: कर्नल सारंगदेवोत

## जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) तथा सुधाकर पीयूष स्मृति मंच की ओर से पत्रकार प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

चमकता राजस्थान

उदयपुर। पं. जनार्दन राय नागर विश्वविद्यालय राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति कर्नल एसएस सारंगदेवोत ने कहा कि सम्मानित होने वाले को उत्साह और प्रोत्साहन मिलता है। इससे उसे और कठिन परिश्रम तथा आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। हर सम्मानित होने वाले के लिए छोटा सा सम्मान भी मील का पत्थर साबित होता है।

कर्नल सारंगदेवोत रविवार को जर्नलिस्ट एसोसिएशन आफ राजस्थान (जार) तथा सुधाकर पीयूष स्मृति मंच के साझे प्रयास से गुलाबबाग स्थित नवलखा महल में आयोजित सुधाकर पीयूष पत्रकार प्रतिभा सम्मान-2024 के समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पत्रकार जो भी कार्य करता है, उसमें विश्व कल्याण की भावना निहित होती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में चौथा स्तंभ पत्रकारिता है, जो हमेशा मजबूत रहना चाहिए।



समारोह के विशिष्ट अतिथि आईएमए के अध्यक्ष डॉ. आनंद गुप्ता ने सुधाकर पीयूष के साथ बिताए पलों का स्मरण करते हुए कहा कि पत्रकार कलम का सिपाही है, जिनकी लेखनी लोगों का जीवन बदल देती है। विशिष्ट अतिथि व निर्णायक मण्डल के सदस्य इतिहासकार डॉ. श्रीकृष्ण जुगनू ने कहा कि वे सुधाकर पीयूष की तीन पीढ़ियों से जुड़े हैं। पहले स्वतंत्रता सेनानी पन्नालाल पीयूष, दूसरे सुधाकर पीयूष और अब उनकी बेटियां हैं जो अपने पिता के सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध नजर आती हैं। पूर्व सभापति युधिष्ठिर कुमावत ने कहा कि उदयपुर को संगीत सुधाकर पीयूष ने दिया। उदयपुर में पहला ऑर्केस्ट्रा उन्हीं का था। अध्यक्षता करते हुए सत्यार्थ प्रकाश न्यास के अध्यक्ष अशोक आर्य ने स्वर्गीय सुधाकर पीयूष के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। स्व. सुधाकर पीयूष की धर्मपत्नी श्रीमती रेखा पीयूष, जार प्रदेशाध्यक्ष सुभाष शर्मा भी मंचासीन थे। समारोह में स्व. सुधाकर पीयूष के मित्र नगर निगम महापौर गोविंद सिंह टांक, समाजसेवी श्रीमती अलका मूंदड़ा, वरिष्ठ नागरिक शिक्षाविद शांतिलाल मेहता, वरिष्ठ पत्रकार विष्णु शर्मा हितैषी, युवा व्यवसायी मुकेश माधवानी, जार के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष कौशल मूंदड़ा, प्रदेश सचिव राजेश वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष नानालाल आचार्य भी अतिथि थे। प्रारंभ में मास्टर मनय और बेबी केरवी ने अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। सुधाकर पीयूष के पुत्री-दामाद ऋचा-मनीष व मेधा-सचिन ने स्वागत अभिनन्दन किया। जार के जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा राजदीप व महासचिव दिनेश भट्ट ने सभी का आभार व्यक्त किया। समारोह में जार पत्रिका विशेषांक का भी विमोचन किया गया। समारोह में मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ की ओर से भेजे गए शुभकामना संदेश का भी वाचन किया गया। संचालन डॉ. सीमा चम्पावत तथा ओमपाल सीलन ने किया। दूसरे सत्र में उदयपुर संभाग से आए जार सदस्यों की बैठक हुई जिसमें पत्रकार सुरक्षा के मुद्दे पर चर्चा हुई। बैठक में जार उदयपुर के कोषाध्यक्ष गोपाल लोहार तथा सह कोषाध्यक्ष दिनेश हाड़ा ने आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया।

### पत्रकार प्रतिभाएं हुईं पुरस्कृत

चयन समिति के समन्वयक योवंतराज माहेश्वरी ने बताया कि इतिहासवेत्ता और संस्कृतिविद डॉ. श्रीकृष्ण जुगनू व वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक सिंघवी की कमेटी ने प्राप्त प्रविष्टियों में से ग्रामीण प्रिंट मीडिया रिपोर्टर श्रेणी में नारायण वडेरा (कोटड़ा), शहरी प्रिंट मीडिया रिपोर्टर में विवेक वैष्णव (चित्तौड़गढ़), ग्रामीण फोटो जर्नलिस्ट में ओमप्रकाश शर्मा (कुम्भलगढ़), शहरी फोटो जर्नलिस्ट में प्रमोद सोनी (उदयपुर), वेब मीडिया-ब्लॉग श्रेणी में शंकर चावड़ा (फतहनगर), नवोदित पत्रकार श्रेणी में विप्लव जैन (उदयपुर), डिजिटल मीडिया रिपोर्टर में मांगीलाल लोहार (मेनार), टीवी-केबल टीवी रिपोर्टर श्रेणी में नरेन्द्र कहार (उदयपुर), महिला रिपोर्टर श्रेणी में किंजल तिवारी (उदयपुर), सोशल-कल्चर रिपोर्टर श्रेणी में ओमपाल सीलन (उदयपुर) का चयन किया गया। वरिष्ठ पत्रकार श्रेणी में ग्रामीण क्षेत्र में लम्बे वर्षों से पत्रकारिता की सेवाएं दे रहे उदयपुर जिले के ऋषभदेव के वरिष्ठ नागरिक पवन भूपावत का अभिनंदन किया गया। इन सभी को स्मृति चिह्न, शॉल, पगड़ी, उपरणा व नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

इसी प्रकार, चयन समिति ने लीलेश कुमार खटीक (पलाना), धीरेन्द्र जैन (ऋषभदेव), चंद्रेश कलाल (डूंगरपुर), संतोष व्यास (डूंगरपुर) व ताराचंद गवारिया (उदयपुर) की प्रविष्टियों को भी सम्मान के लिए चुना गया। पत्रकारिता के स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रम बीजेएमसी में सर्वोच्च अंक पाने वाले कॉलेज टॉपर्स को गिर्राज प्रसाद हरदैनिया स्मृति नवोदित पत्रकार सम्मान भी इसी समारोह में प्रदान किया गया। मोहनलाल सुखाड़िया के पत्रकारिता कॉलेज के बीजेएमसी में सर्वोच्च अंक पने वाली डिंपल सुहालका को स्मृति चिह्न एवं नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी तरह निजी क्षेत्र के पत्रकारिता कॉलेज वीआईएफटी के छात्र मानस जैन को भी गिर्राज प्रसाद हरदैनिया स्मृति नवोदित पत्रकार सम्मान से सम्मानित किया गया।


## संक्षिप्त समाचार

### जार के संगीतमय फागोत्सव में राधा कृष्ण संग खेली फूलों की होली



**चमकता राजस्थान। भवानी मंडी।** जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान(जार) जिला झालावाड़ इकाई के तत्वावधान में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी भवानी मंडी के श्री लालचंद आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में संगीतमय फागोत्सव का आयोजन किया गया। जार के फागोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक प्रेम कुमार चौधरी ने कहा कि पत्रकारिता के साथ इस तरह के आयोजन से आमजन में पत्रकारों का विश्वास बढ़ता है और सीधा जुड़ाव रहता है। पुलिस उपाधीक्षक ने जार के सदस्यों की पत्रकारिता और अन्य सामाजिक गतिविधियों की खुलकर सराहना की। वहीं कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश बोहरा, उपाध्यक्ष अनिल मीणा, श्री राधेश्याम मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष केके राठी, ब्रह्माकुमारी कुसुम बहिन,पार्षद राकेश पारेता,पार्षद अमित पाटनी, समाजसेवी गणेश सालेचा,सामाजिक कार्यकर्ता राकेश वर्मा आदि अतिथि थे। फागोत्सव कार्यक्रम में श्रीकृष्णम म्यूजिक एकेडमी के संचालक श्रीकांत ओझा व उनके म्यूजिकल ग्रुप ने फागोत्सव की संगीतमय प्रस्तुति दी। ओझा ने फाग के गीतों की सुरीली प्रस्तुति दी जिन पर श्रोता झूम उठे और देर तक फाग गीतों पर नृत्य करते रहे। फागोत्सव में गायिका शिवांगी घोरले ने भी मधुर भजन सुनाए। वहीं कार्यक्रम में जार के प्रदेश उपाध्यक्ष भवँर सिंह कछवाहा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दिलीप सोनी,जिलाध्यक्ष दिलीप जैन, महासचिव तूफान सिंह चौहान,कोषाध्यक्ष दिलीप श्रंगी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनीस आलम,उपाध्यक्ष राहुल रावल,सुरेश सिंह पंवार,जितेंद्र पंवार,राजेश शर्मा,जार के विशेष आमंत्रित सदस्य मुकेश उपाध्याय, रावजोत सिंह, सचिव कमलसिंह परिहार, किशोर सोनी, खालिद भाई,कपिल गुप्ता, मीडिया प्रभारी संस्कृति जैन, सह संगठन सचिव वसीम अकरम, कार्यालय सचिव किशोर तंवर, गंगधार तहसील अध्यक्ष रमेश मोदी,आबिद हुसैन,किशोर विश्वकर्मा, धीरज गुप्ता, धीरेंद्र शर्मा, पारस जैन, विशाल धाभाई,मनोज शर्मा,राजू वर्मा व कपिल चौहान आदि जार पदाधिकारी मौजूद थे । फागोत्सव में राधेकृष्ण के साथ वहां मौजूद सभी ने फूलों की होली खेली।

### माँ नंदा शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन




**चमकता राजस्थान/जयपुर।** राष्ट्रीय उत्तराखण्ड सभा द्वारा जयपुर में माँ नंदा शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उत्तराखंड ,दिल्ली व मुंबई से आई समाज की करीब 11 मातृ शक्तियों को सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में उत्तराखंड बोली भाषा की मातृशक्ति गायिका कमलादेवी व माया उपाध्याय सहित दर्जनों मातृशक्तियों को माँ नंदा शक्ति सम्मान समारोह पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही मातृशक्तियों व बच्चों द्वारा भी शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। राष्ट्रीय उत्तराखंड सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पी सी खुलवे व महासचिव सरिता को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए पूरे देश से आये संस्था के सदस्यों ने धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह में प्रेम सिंह रावत सहित कई सामाजिक संगठनों के प्रमुखों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय उत्तराखण्ड सभा के अध्यक्ष डॉ प्रकाश खुलवे ,कार्यक्रम संयोजिका सरिता भंडारी व उनकी पूरी कार्यकारिणी ने भाग लिया।

## कोर्ट ने जमानत अर्जी खारिज की, कांग्रेस प्रदेश महासचिव अमीन पठान गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा

चमकता राजस्थान

**कोटा।** फार्म हाउस पर कार्रवाई करने पहुंची वन विभाग की टीम से गाली-गलौच करने और राजकार्य में बाधा डालने के मामले में कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अमीन पठान को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद अनंतपुरा थाना पुलिस ने शाम 5 बजे करीब उन्हें कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गौरतलब है कि अमीन पठान ने 2023 विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा छोड़ कांग्रेस जॉइन कर ली थी। वे भाजपा से टिकट नहीं मिलने से नाराज थे।पुलिस ने रविवार शाम अमीन पठान को उनके अनंतपुरा स्थित घर से गिरफ्तार किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। अमीन पठान को जब कोर्ट के समक्ष पेश किया गया तो वहां बड़ी संख्या में उनके समर्थक पहुंच गए। हालात को देखते हुए अवकाशकालीन कोर्ट के बाहर बड़ी संख्या में आरएसी और पुलिस के जवान तैनात कर दिए गए थे।यहां मजिस्ट्रेट ने अमीन पठान की जमानत अर्जी खारिज करते हुए उन्हें जेल भेजने के आदेश दिए। कोर्ट में सोमवार को नियमित सुनवाई के बाद आगे का फैसला सुनाया जाएगा।



### ● पठान रहे थे वसुंधरा राजे के खास

» अमीन पठान ने वर्ष 2005 में अपना राजनीतिक सफर शुरू किया था। भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक भवानी सिंह राजावत ने उन्हें पार्टी में शामिल करवाया था। अमीन पठान वसुंधरा राजे के खास माने जाते रहे थे। वह राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष और दरगाह कमेटी ख्वाजा साहब अजमेर के अध्यक्ष भी रहे। मगर 2023 विधानसभा चुनाव से पहले 19 नवम्बर को उन्होंने भाजपा छोड़ कांग्रेस जॉइन कर ली थी। इसके तुरंत बाद पार्टी ने उन्हें प्रदेश महासचिव बना दिया था। अमीन पठान ने कोटा में रजवाडा क्रिकेट लीग का आयोजन करवाया था। इसमें उन पर ऑनलाइन सट्टेबाजी के आरोप भी लगे थे।

### ● 2023 में मांगा थी टिकट

» अमीन पठान विधानसभा चुनाव 2023 के लिए भरतपुर की कामां विधानसभा सीट से टिकट की मांग कर रहे थे। इसके लिए उनकी करीब दो साल से तैयारी जारी थी। मगर भाजपा ने कामां विधानसभा सीट से हरियाणा की नौक्षम चौधरी को टिकट दे दिया था। इससे नाराज होकर ही अमीन पठान ने भाजपा छोड़ कांग्रेस का दामन थाम लिया था।

### ● यह था मामला

» उल्लेखनीय है कि शनिवार को वन विभाग के रेंजर संजय नागर की ओर से अमीन पठान और उनकी पत्नी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि शनिवार को वन विभाग की टीम राजस्व विभाग, यूआईटी और पुलिस के साथ अनंतपुरा गांव में सीमांकन करने गई थी। वहां वन विभाग की जमीन पर अमीन पठान का फार्म हाउस बना हुआ है। इस फॉर्म हाउस का भी सर्वे किया और लाल निशान लगा दिए। यहां सीमांकन के बाद पत्थरगढ़ी करनी थी। टीम अपना काम कर रही थी। इसी दौरान अमीन पठान और उनकी पत्नी रजिया पठान आए। उनके साथ दस–पन्द्रह अन्य लोग भी थे। इन्होंने आते ही गाली–गलौच करनी शुरू कर दी। टीम ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने हाथापाई की कोशिश की।

## जी.वी.एस.टी.संस्था ने बायोगैस संयंत्र लगाने के लिए किया कार्यशाला का आयोजन



**चमकता राजस्थान। किशनगढ़, ! (शंकर शर्मा)** किशनगढ़,जीवीएसटी संस्था के सचिव दिनेश पुरी ने अवगत कराया कि दिनांक 15 मार्च से जन चेतना विकास मंच मालपुरा, ग्रामीण विकास शोध एवं तकनीकी केंद्र, संग चालोरी अभियान राजस्थान व रजमेरु संस्था जयपुर तथा बीटीड-ीसी उदयपुर के संयुक्त तत्वाधान से बायोगैस युनिट लगाने का शुभारंभ ग्राम सेलसागर व मंच से जुडे. अन्य ग्रामो मे हुआ । ग्रामीण विकास शोध एवं तकनीकी केंद्र संस्था सचिव दिनेश पुरी ने बताया कि नवीन एवं नवीनकरणीय ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित योजना व महाराणा प्रताप एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर के तकनीकी व बायोगेस योजना से बायोगैस लगवाने का कार्य होगा। इसमें पचेवर, गनवर, मलिकपुर, बरोल आदि पंचायत के गावों में बायोगैस लगाये जायेंगे । बायोगैस लगवाने से महिलाओ को सुविधा मिलेंगी व धुआँ रहित रसोई गैस प्रतिदिन निशुल्क उपलब्ध होगी और जैविक खाद का उत्पादन, पेड लकड़ी अन्य परम्परागत स्त्रोतों की सुरक्षा, कृषि के लिए जैविक बायोखाद उपलब्ध करवाना भी संभव होगा। यह बायोगैस संयंत्र दो घनमीटर का बनेगा, जिसकी लागत लगभग 28,000 रुपये होगी, जिसमें अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए 22,000 रुपये और अन्य जनरल/ओबीसी जनजाति के लिए 14,350 रुपये की विभागीय सब्सिडी का प्रावधान है । अतः बायोगेस लगवाने के लिये मंच व संस्था से सम्पर्क कर जानकारी ले सकती है इस संबध में विस्तृत जानकारी दिनेश पुरी एवम यादराम जाट से प्राप्त कर सकते हैं।

### भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश प्रवक्ता, पैनेलिस्ट, कलस्टर मीडिया प्रभारी और संभाग मीडिया संयोजकों की बैठक आयोजित

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन कल्याणकारी नीतियों को अधिक से अधिक प्रचारित करने में मीडिया की भूमिका अहम: सीपी जोशी

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद कर उनके अनुभवों को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी मीडिया की: विजया राहटकर

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के नेतृत्व में प्रदेश कार्यालय में आज प्रदेश प्रवक्ता, पैनेलिस्ट, कलस्टर प्रभारी, संभाग मीडिया संयोजक और प्रदेश मीडिया कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन कल्याणकारी नीतियों को अधिक से अधिक प्रचारित करने में मीडिया की अहम भूमिका है। ऐसे में मीडिया के सदस्यों के साथ भाजपा के प्रवक्ताओं और पैनेलिस्टों का बेहतर संवाद होना चाहिए। लोकसभा चुनावों की आचार संहिता लगने के साथ ही प्रदेश में अधिकांश सीटों पर लोकसभा कार्यालय एंव मीडिया सेंटर शुरू हो चुके है। ऐसे में अब मीडिया सेंटर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा युवा, गरीब, किसान और महिला उत्थान के लिए किए गए कार्यों का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करना है।



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि लोकसभा चुनावों में प्रदेश की 25 की 25 सीटों पर कमल का फूल खिलाना है और फिर एक बार मोदी सरकार के ध्येय वाक्य के साथ हम सभी मीडिया सदस्यों को कार्य करना है। भाजपा मीडिया के कलस्टर और लोकसभावार सदस्यों को मोदी की योजनाओं को लेकर अधिक से अधिक संवाद करना है। इसके साथ ही केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभांवित परिवारों से संवाद कर उनके अनुभवों को भी मीडिया में लाने की आवश्यकता है।

भाजपा की प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रीति और नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य मीडिया टीम का है। ऐसे में भाजपा के प्रत्येक प्रवक्ता के साथ पैनेलिस्ट को मैं से हम की भावना के साथ कार्य करना होगा। भाजपा के प्रवक्ताओं और पैनेलिस्टों को विभिन्न विषयों पर चर्चा करने के साथ ही अपने अनुभवों को एक दूसरे के साथ शेयर करना होगा। इसके साथ ही कलस्टर मीडिया प्रभारी और लोकसभा मीडिया संयोजक लोकसभा क्षेत्र में लॉकल मीडिया, लॉकल न्यूज पोर्टल और यू-ट्यूबर से संवाद बढ़ाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हर वर्ग के उत्थान के लिए योजनाओं का शुभारंभ किया है। ऐसे में भाजपा की मीडिया टीम को लाभार्थी संवाद और उनके अनुभवों को प्रिंट के साथ इलेक्ट्रोनिक मीडिया में कवरेज करवाने का प्रयास करना चाहिए। इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं का प्रचार-प्रसार जन जन तक होगा। बैठक में प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ ने मीडिया सदस्यों के दायित्व पर चर्चा की।

बैठक के दौरान प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ ने प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी तथा प्रदेश प्रवक्ता राखी राठौड़ ने प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश प्रवक्ता पंकज मीणा ने किया वहीं प्रदेश मीडिया सह संयोजक मेहराज चैधरी ने प्रमोद वशिष्ठ का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

## पुलिस मुख्यालय की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की धौलपुर में बड़ी कार्रवाई

# डकैतों-बदमाशों को हथियार सप्लाई करने आये दो तस्करों को 20 अवैध हथियार व 32 जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा

### पूछताछ के बाद अवैध हथियार की फैक्ट्री भी पकड़ी, मौके से हथियार बनाने में प्रयुक्त उपकरण किए जप्त

चमकता राजस्थान

**जयपुर! (खलील कुरैशी) 17 मार्च।** पुलिस मुख्यालय की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने धौलपुर जिले के मनियां थाना क्षेत्र में अवैध हथियार तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई को स्थानीय पुलिस एवं डीएसटी के सहयोग से अंजाम दिया है। एजीटीएफ ने डकैतों एवं स्थानीय बदमाशों को अवैध हथियार सप्लाई करने आए दो बदमाशों को पकड़ कर 20 आग्नेयास्त्र एवं 32 कारतूस भी बरामद किए। दोनों से पूछताछ के उपरांत इनकी निशानदेही पर अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री में दबिश देकर अवैध हथियार निर्माण में प्रयुक्त भारी मात्रा में उपकरण भी जप्त किए गए हैं।पकड़े गये अपराधियों का पूर्व में भी आपराधिक रिकार्ड रहा है।अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एम एन ने बताया कि प्रदेश में सक्रिय गिरोह एवं गैंगस्टर के बारे में आसूचना संकलन के लिए डीआईजी क्राइम योगेश यादव के सुपरविजन एवं एजीटीएफ के एडिशनल एसपी विद्या प्रकाश के समन्वय में गठित टीमों को प्रदेश के विभिन्न शहरों में भेजा किया गया है।



### कार्रवाई में इनकी रही विशेष भूमिका

» इस कार्रवाई में एजीटीएफ पुलिस मुख्यालय टीम के एसआई नरेंद्र सिंह, एएसआई शैलेंद्र शर्मा व दुष्यंत सिंह, हेड कांस्टेबल शाहिद अली, कांस्टेबल रविंद्र सिंह, महेंद्र सिंह व बृजेश कुमार की विशेष भूमिका तथा कांस्टेबल संजय सिंह का तकनीकी सहयोग रहा कार्रवाई में धौलपुर जिले की मनियां थाना से एसएचओ देवेंद्र कुमार, एएसआई मोहनलाल, कांस्टेबल आशा राम, बंटी सिंह, रामदास व चालक अरविंद एवं डीएसटी टीम प्रभारी एएसआई योगेंद्र तिवारी,हेड कांस्टेबल दीनदयाल व कपिल, कांस्टेबल उमेश, धर्मेंद्र, सूबेदार, मानवेन्द्र, भरत व दशरथ एवं कांस्टेबल चालक वासुदेव व अविनाश शामिल थे।

#### ● चुनाव में अपराधिक गतिविधियों के लिए हथियार सप्लाई की सूचना मिली थी

एडीजी एमएन ने बताया कि सब इंस्पेक्टर नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में भरतपुर रेंज गई टीम के एएसआई शैलेंद्र शर्मा व दुष्यंत सिंह, हेड कांस्टेबल शाहिद अली, कांस्टेबल रविंद्र सिंह, बृजेश शर्मा व महेंद्र सिंह को शनिवार को सूचना मिली कि लोकसभा चुनाव में अपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए धौलपुर के मनियां थाना क्षेत्र में कुछ व्यक्ति अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले हैं।

#### ● भाग रहे तस्करों को खेतों में पीछा कर पकड़ा

एमएन में बताया कि इस सूचना को एसपी धौलपुर सुमित मेहरड़ा से शेयर कर उनके नेतृत्व में एजीटीएफ, डीएसटी व एसएचओ मनियां मय टीम के सहयोग से मांगरोल रोड पर मोदी ढाबा के पास दबिश दी गई। जहां प्लास्टिक के कट्टे लेकर खड़े दो व्यक्ति पुलिस को देख घबराकर खेतों में भागने लगे। पुलिस टीम घेर कर उन दोनों को दबोच लिया। उन्होंने पूछताछ में अपना नाम-पता इंद्रलाल कुशवाहा पुत्र हरविलास (50) निवासी थाना जौरा जिला मुरैना मध्य प्रदेश एवं नरेंद्र सिंह कुशवाहा पुत्र कोक सिंह (38) निवासी हेतराम का अड्डा मजरा भानपुर थाना मनियां जिला धौलपुर होना बताया।

#### ● खेत मे बना रखी थी अवैध हथियार की फैक्ट्री

एडीजी ने बताया कि इनके पास मिले हथियारों के बारे में पूछताछ की गई। दोनों ने हथियार व कारतूस डांग क्षेत्र में डकैतों एवं अन्य अपराधियों को सप्लाई करने के लिए वरखंडी का पूरा मजरा ढोडीका निवासी नारायण लोधा पुत्र बाबूलाल से लाना बताया। साथ ही यह भी बताया कि नारायण ने अपने खेत पर अवैध हथियार की फैक्ट्री लगा रखी है, जहां वह खुद हथियार बनाता हैं। सूचना पर दोनों तस्करों को साथ लेकर टीम ने नारायण के खेत में बनी फैक्ट्री में दबिश दी। पुलिस टीम को देख रात के अंधेरे में सरसों की फसल की आड़ लेकर आरोपी फरार हो गया। मौके से पुलिस ने अवैध हथियार बनाने में प्रयुक्त भारी मात्रा में उपकरण जप्त किये। मामले में थाना मनियां पर मुकदमा दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश एवं अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है। आरोपी नारायण के विरुद्ध थाना मनियां पर आर्म्स एक्ट एवं मारपीट के तीन आपराधिक मुकदमे पहले से दर्ज है।

#### ● ये असलाह एवं उपकरण किए जब्त

पुलिस ने आरोपी इंद्रलाल व नरेंद्र सिंह के पास मिले प्लास्टिक के कट्टों से 10 पौना 315 बोर, 3 पौना 12 बोर, दो राइफल 12 बोर व 5 कट्टे 315 बोर एवं 32 जिंदा कारतूस बरामद किये। फैक्ट्री से हथियार बनाने में प्रयुक्त ड्रिल वर्मा मशीन, आग में हवा देने का पंखा, गाटर ब्लेड लोहा, रेतनी, हथौड़े, प्लास, आरी, फनर, टांकी, गुल्ला व अन्य कई उपकरण जप्त किए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आर के मेमोरियल सामाजिक संस्था और जेवीपी समूह के संयुक्त



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** तत्त्वाधान में राजस्थान कृषि अनुसंधान केन्द्र दुर्गापुरा के सभागार में सामाजिक सेवा सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसे माननीय राज्यपाल और मुख्यमंत्री समेत गणमान्य जनों ने शुभकामनायें प्रेषित की हैं. कार्यक्रम का संचालन और आयोजन हरिराम कीवाड़ा द्वारा किया गया , जिसमें आल राजस्थान जाट महासभा की महिला अध्यक्ष ( लेखिका व समाज सेविका ) अंकलेश जाखड़ को को उनकी समाज हित और मानवता की सेवा को बढ़ावा देने वाली उपलाधियों के लिए सम्मानित किया गया.

### पुलिस ने लूट के मामले में फरार चल रहे 5000 रुपए के ईनामी बदमाश को किया गिरफ्तार



**चमकता राजस्थान।** नदबई (राजवीर सिंह) पुलिस ने हथियार के बल पर लूट करने के मामले में फरार चाल रहे 5000 रूपये के ईनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। नदबई थानाधिकारी हेमन्त कलाल प्रशिक्षु आईपीएस ने बताया कि 24.9.2023 को बहरामदा थाना नदबई निवासी छैलबिहारी पुत्र महीलाल जाति जाटव ने कटारा थाना नदबई निवासी भानूप्रताप पुत्र वीरेन्द्रसिंह उम्र 18 साल जाति जाट बगैराह 5-6 जनों के विरूद्ध मोटरसाईकिल को आगे लगाकर कट्टे का भय दिखाकर कर मोबाईल फोन, रूपयों व मोटरसाईकिल को छिनाकर ले जाने व जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने को एक मामला थाना नदबई पर पंजीबद्ध कराया था। उक्त मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपी हेमंत उर्फ चुटिया पुत्र भावसिंह जाति जाट निवासी लुहासा थाना नदबई को गिरफ्तार किया गया है। ज्ञात रहे कि उक्त मामले में 5 आरोपियों को पूर्व में ही गिरफतार किया जा चुका है। पुलिस द्वारा कार्यवाही के लिए गठित टीम में हेमन्त कलाल प्रशिक्षु आईपीएस, रमेशचन्द स०उ०नि,सत्येन्द्र हैड कानि०,अमित कुमार कानि, बबलू कुमार कानि०शामिल रहे।

## भारतीय जनता पार्टी शहर जिला

# भारतीय जनता पार्टी चुनाव प्रबंधन व कोर कमेटी की बैठक आयोजित



चमकता राजस्थान

जयपुर। अजमेर उत्तर विधानसभा की चुनाव प्रबंधन व कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई!

बैठक में उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी ने कहा कि टीम अजमेर उत्तर के कारण ही हम विधानसभा चुनाव 2023 में विजय हुए हैं ,मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस लोकसभा चुनाव में भी अजमेर उत्तर विधानसभा से भाजपा का जो भी प्रत्याशी होगा वह सर्वाधिक मतों से विजयशी प्राप्त करेगा !

हमारा प्रत्याशी तो तय हो चुका है हमारा प्रत्याशी कमल का फूल है देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल सरकार द्वारा अनेकों योजनाओं का लाभ अजमेर उत्तर की आमजन को मिला है!

अभी कुछ ही दिन पहले हमने 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' शुरू की है।

सरकार अपने घरों में सोलर पैनल लगाने के लिए 78 हजार रुपए तक की मदद दे रही है,कुछ ही हफ्ते के भीतर इस योजना से जुड़ने के लिए एक करोड़ से ज्यादा लोग अप्लाई कर चुके हैं। इस योजना से जुड़ने वालों को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलनी संभव हो जाएगी

भाजपा शहर जिलाध्यक्ष रमेश सोनी ने कहा कि मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि आने वाले 5 वर्ष भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनाने वाले होंगे,आने वाले 5 साल इस विश्व के लिए एक स्थिर, समर्थ और सशक्त भारत की गारंटी के होंगे,आयुष्मान भारत योजना की वजह से गरीबों के एक लाख करोड़ रुपए खर्च होने से बचे हैं,हमारी सरकार जनऔषधि केंद्रों पर 80 प्रतिशत डिस्काउंट पर दवाइयां देती है,इस वजह से गरीबों के 30 हजार करोड़ रुपए खर्च होने से बचे हैं

बैठक मे सांसद भागीरथ चौधरी पूर्व महापौर धर्मेंद्र गहलोत,श्री किशन सोनगरा, अरविन्द यादव,शिव शंकर हेड़ा, पुखराज पाहड़िया,राजेश शर्मा, सतीश बंसल, दीपेंद्र लालवानी,प्रकाश बंसल , अनीश मोयल,रचित कच्छावा, जयकिशन पारवानी, योगेश शर्मा,विक्रम सिंह, संजय अरोड़ा, विकास सोनगरा, वनीता जैमन, सत्येन्द्र शर्मा, सुभाष जाटव, अरविन्द पाराशर, अफशान चिश्ती, आदि उपस्थित रहे

### बाड़ी शहर में सर्व समाज द्वारा लवकुश बगीची आश्रम धनौरा रोड़ पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन




**चमकता राजस्थान। धौलपुर( रामदास तरुण)** जिला धौलपुर के बाड़ी उपखण्ड में आज दिनांक :-14/3/2024 को श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के आयोजन को लेकर मां राजराजेश्वरी कैला माता मन्दिर पर सर्व हिंदू समाज के प्रबुद्ध जन, माताएं बहनें एकत्रित हुए। जहां पर सभी एकत्रित हिंदुओं ने मां राजराजेश्वरी कैला माता के दर्शन किए। साथ ही कलश यात्रा काआयोजन हुआ जिसमें बाड़ी के पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा ने पीतांवरी ध्वजा लहराकर कलश यात्रा को रवाना किया! साथ ही भागवताचार्य आचार्य पंडित कुलदीप कृष्ण महाराज को घोड़ी पर बैठकर बैंड बाजों की धुन *राम जी की निकली सवारी राम जी की लीला है न्यारी* के साथ कलश यात्रा आरंभ हुई जिसमें पूर्व बिधायक बाड़ी गिर्राज सिंह मलिंगा के साथ सर्व समाज के प्रबुद्ध जन, माताएं बहनों ने बड़ चढ़कर भाग लिया। कलश यात्रा का जगह जगह स्थानीय लोगों द्वारा जलपान कराकर स्वागत सम्मान किया गया! कलश यात्रा लवकुश बगीची आश्रम पहुंची। जहां पर लवकुश बगीची आश्रम के संचालकों द्वारा सभी समाजों के प्रबुद्ध जनों को माताओं बहनों को जलपान कराया गया। और अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आव्हान किया गया। जिससे कार्यक्रम में दिव्यता भव्यता आए इस कलश यात्रा में सम्मिल हुए!

## सेल्फी लेते समय पैर फिसलने से नहर में गिरा किशोर

# बचाने के लिए तीन दोस्तों ने भी लगा दी छलांग, डूबने से दो की मौत

चमकता राजस्थान

कोटा।बूंदी जिले के केशवरायपाटन क्षेत्र से गुजर रही सींता नहर पर रविवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां सुबह नौ बजे करीब सेल्फी लेते समय एक किशोर का पैर फिसला और वह नहर में गिर गया। इस पर उसे बचाने के लिए एक-एक कर उसके तीन दोस्त भी नहर में कूद गए। मगर ये भी डूबने लगे तो बचाने के लिए चिल्लाने लगे। वहां से गुजर रहे लोगों ने यह नजारा देख मशक्कत कर दो नाबालिगों को तो बचा लिया, लेकिन बाकी दो डूब गए। इससे इनकी मौत हो गई। ये किशोर कोटा के कुन्हाड़ी इलाके से यहां घूमने आए थे।



इस हादसे में जिंदा बचे सिद्धम (13) के अनुसार वह सुबह 9 बजे करीब अपने दोस्त यथार्थ (14), पीयूष (14) व आदित्य (13) के साथ सींता नहर पर आया था। ये चारों नहर के किनारे खड़े होकर सेल्फी ले रहे थे। इतने में आदित्य का पैर फिसला और वह नहर में गिर गया। वह डूबने लगा तो उसे बचाने के लिए बाकी तीनों दोस्त भी नहर में कूद गए। ये तीनों भी डूबने लगे तो बचाने के लिए शोर मचाया। वहां से गुजर रहे लोगों ने यह शोर सुना तो किशोरों को बचाने के लिए नहर में कूद गए। इन लोगों ने यथार्थ और सिद्धम को तो बाहर निकाल लिया, लेकिन आदित्य और पीयूष हाथ नहीं लगे। बाद में इस हादसे की पुलिस को सूचना दी गई। इस पर पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची।

### 50 मीटर दूर मिले शव

» गोताखोर चंगेज खान ने बताया, एसडीआरएफ की टीम के साथ कोटा निगम के गोताखोर मौके पर पहुंचे। चार घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद अपराह्न 3 बजे करीब घटनास्थल से तकरीबन 50 मीटर दूर आदित्य और पीयूष के शव मिल गए।केशवरायपाटन थानाधिकारी बाबूलाल ने बताया-बच्चे कोटा के कुन्हाड़ी से यहां घूमने आए थे। शुरुआती जानकारी के अनुसार सेल्फी लेते समय एक नाबालिग का पैर फिसल जाने से यह हादसा हुआ।

# संक्षिप्त समाचार

## आओ बूथ चले अभियान के अंतर्गत नव मतदाताओं के जोड़े गए नाम



**चमकता राजस्थान। किशनगढ़,(शंकर शर्मा)** किशनगढ़ भाजपा नेता महेंद्र पाटनी ने अवगत कराया कि आज आओ बूथ चले अभियान के अंतर्गत रविवार को निर्वाचन विभाग के बीएलओ द्वारा सभी मतदान केदो पर नाम मतदाता तथा क्षेत्र के मतदाता सूची में वंचित रहे मतदाताओं का नाम जोड़ने का कार्य किया गया। भाजपा नेता महेंद्र पाटनी व आजाद नगर विकास समिति के अध्यक्ष ओम वैष्णव अपने बूथ संख्या 94 व 95 के केंद्र स्थल आजाद नगर स्थित राजकीय प्राथमिक स्कूल मे बी एल ओ भंवर जितेंद्र सिंह से नव मतदाता का नाम जुड़वाते हुए आओ बूथ चले अभियान की जानकारी लेकर निर्वाचन विभाग के इस विशेष दिवसीय कार्य की भूरि भूरि सराहना की इस अवसर पर उपस्थित स्कूल के प्रधानाध्यापक मुकेश शर्मा से स्कूल मे चल रहे निर्माण कार्य की भी चर्चा की इस दौरान पहुंचे निर्वाचन विभाग के सेक्टर ऑफिसर मूलचंद खत्री तथा जस्साराम सब इंस्पेक्टर पुलिस ने भी दोनों बूथों की लोकेशन व कार्य रिपोर्ट लेने हेतु आओ बूथ चले अभियान का अवलोकन किया।

## चिराना में सजी बाबा खाटूश्याम की भजन संध्या



**चमकता राजस्थान। उदयपुरवाटी / चिराना (सुमेर सिंह राव)** कस्बे में श्रीश्याम अखंड ज्योत सेवा समिति की ओर से चल रहे 2 दिवसीय श्रीश्याम महोत्सव का भव्य समापन हुआ। आयोजन के पहले दिन निशानयात्रा के बाद दूसरे दिन चतुर्थ श्रीश्याम संकीर्तन हुआ। संकीर्तन में बाबा खाटूश्याम का मनमोहक दरबार सजाया गया। श्याम बाबा का विशिष्ट फूलों से श्रंगार किया गया। अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की गई। आचार्य रवि पारीक ने मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना करवाई। दयालदास महाराज, अश्विनीदास महाराज, हेमंतदास महाराज के सान्निध्य में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन कलाकार उर्वशी शर्मा, राज निकुंज, कृष्णा अग्निहोत्री, तुषार शर्मा और हर्षित वैष्णव ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर श्यामभक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। बाबा के दरबार में सैंकड़ों ग्रामीणों ने दर्शन कर धोक लगाई। समिति के कार्यकर्त्ताओं ने अतिथियों व भामाशाहों का सम्मान किया गया। 56 भोग प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान युवा नेता बाबूलाल सैनी, जितेंद्र सैन, राजेश जांगिड़, प्रमोद अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, कपिल शर्मा, बंटी जांगिड़, अनीष बारी, शुभम सैन, दिनेश सोनी, गणेश अग्रवाल, भवानीसिंह शेखावत समेत अनेक लोग मौजूद थे।

## शाकंभरी सकराय धाम में तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का हुआ आगाज

- हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं ने लिया मंगल पाठ में हिस्सा,मंगल पाठ व नृत्य नाटिका में खूब जम रंग
- आज उदयपुरवाटी से शाकंभरी सकराय धाम तक निकाली जाएगी विशाल निशान पैदल यात्रा




**चमकता राजस्थान। उदयपुरवाटी '(सुमेर सिंह राव)।** निकटवर्ती धार्मिक तीर्थ स्थल शाकंभरी सकराय धाम में शाकंभरी सेवा समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ' शनिवार को समिति द्वारा आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में माता का मंगल पाठ एवं कोलकाता के कलाकारों द्वारा नृत्य नाटिका का आयोजन किया गया ' हजारों की तादाद में शाकंभरी सकराय धाम पहुंचे व मां शाकंभरी की ज्योत ली ' माता के मंगल पाठ में श्रद्धालु जमकर झूमे ' इस दौरान शाकंभरी सेवा समिति के संदीप रामूका ने जानकारी देते हुए बताया की आज उदयपुरवाटी से शाकंभरी सकराय धाम तक विशाल निशान पैदल यात्रा निकाली जाएगी ' जिसमें श्रद्धालु नाचते गाते मैया के दरबार में पहुंचेंगे '

## सांगरवा में श्याम बाबा की अखंड ज्योत जगाई

- भव्य दरबार, छप्पन भोग, मंगल पाठ रहें विशेष आकर्षण का केंद्र

**चमकता राजस्थान। सीकर।( सुमेर सिंह राव)** निकटवर्ती सांगरवा में संगीतमय श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का आयोजन हुआ। आयोजक बाबूलाल जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि सुबह 8बजे पूजा अर्चना, 9बजे अखंड ज्योत पाठ, शाम को 5बजे प्रसाद वितरण किया। जितेंद्र सोनी ने बताया कि अखंड ज्योति पाठ में पाठ वाचक विक्रांत जोशी जोरहाट, नृत्य नाटिका राहुल एवं साथी कलाकार, निखिल सोनी बांसुरी चंग धमाल की प्रस्तुति दी। संकीर्तन में बाबा खाटूश्याम का मनमोहक दरबार सजाया गया।



श्याम बाबा का विशिष्ट फूलों से श्रंगार किया गया। अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की गई। विक्रांत जोशी, जीतू सोनी अमन गिनोरिया ने मंगल पाठ किया। मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना करवाई। कलाकार राहुल मुरादाबाद व साथी कलाकार, निखिल सोनी ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर श्यामभक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। बाबा के दरबार में सैंकड़ों ग्रामीणों ने दर्शन कर धोक लगाई। समिति के कार्यकर्त्ताओं ने अतिथियों, भामाशाहों, पत्रकारों का सम्मान किया। 56 भोग प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी की जन कल्याणकारी नीतियों को अधिक से अधिक प्रचारित करने में मीडिया की महती भूमिका : सीपी जोशी

चमकता राजस्थान



**जयपुर (खलील कुरैशी)।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के नेतृत्व में प्रदेश कार्यालय में प्रदेश प्रवक्ता पैनेलिस्ट कलस्टर प्रभारी संभाग मीडिया संयोजक और प्रदेश मीडिया कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन कल्याणकारी नीतियों को अधिक से अधिक प्रचारित करने में मीडिया की अहम भूमिका है। ऐसे में मीडिया के सदस्यों के साथ भाजपा के प्रवक्ताओं और पैनेलिस्टों का बेहतर संवाद होना चाहिए। लोकसभा चुनावों की आचार संहिता लगने के साथ ही प्रदेश में अधिकांश सीटों पर लोकसभा कार्यालय एवं मीडिया सेंटर शुरू हो चुके है। ऐसे में अब मीडिया सेंटर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा युवा, गरीब, किसान और महिला उत्थान के लिए किए गए कार्यों का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करना है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि लोकसभा चुनावों में प्रदेश की 25 की 25 सीटों पर कमल का फूल खिलाना है और फिर एक बार मोदी सरकार के ध्येय वाक्य के साथ हम सभी मीडिया सदस्यों को कार्य करना है। भाजपा मीडिया के कलस्टर और लोकसभावार सदस्यों को मोदी की योजनाओं को लेकर अधिक से अधिक संवाद करना है। इसके साथ ही केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभांवित परिवारों से संवाद कर उनके अनुभवों को भी मीडिया में लाने की आवश्यकता है। भाजपा की प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रीति और नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य मीडिया टीम का है। ऐसे में भाजपा के प्रत्येक प्रवक्ता के साथ पैनेलिस्ट को मैं से हम की भावना के साथ कार्य करना होगा। भाजपा के प्रवक्ताओं और पैनेलिस्टों को विभिन्न विषयों पर चर्चा करने के साथ ही अपने अनुभवों को एक दूसरे के साथ शेयर करना होगा। इसके साथ ही कलस्टर मीडिया प्रभारी और लोकसभा मीडिया संयोजक लोकसभा क्षेत्र में लॉकल मीडिया लॉकल न्यूज पोर्टल और यू- ट्यूबर से संवाद बढ़ाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हर वर्ग के उत्थान के लिए योजनाओं का शुभारंभ किया है। ऐसे में भाजपा की मीडिया टीम को लाभार्थी संवाद और उनके अनुभवों को प्रिंट के साथ इलेक्ट्रोनिक मीडिया में कवरेज करवाने का प्रयास करना चाहिए। इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं का प्रचार-प्रसार जन जन तक होगा। बैठक में प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ ने मीडिया सदस्यों के दायित्व पर चर्चा की। बैठक के दौरान प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ ने प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी तथा प्रदेश प्रवक्ता राखी राठौड़ ने प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश प्रवक्ता पंकज मीणा ने किया वहीं प्रदेश मीडिया सह संयोजक मेहराज चौधरी ने प्रमोद वशिष्ठ का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

## प्रेम सिंह बाजोर को सैनिक कल्याण बोर्ड के राज्य मंत्री बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया सम्मान



चमकता राजस्थान

**जयपुर । (खलील कुरैशी)** नीमकाथाना के पूर्व विधायक प्रेम सिंह बाजोर को तीसरी बार सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के बोर्ड का अध्यक्ष बनाया है। अध्यक्ष बनने पर नीमकाथाना क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में जोरदार खुशी की लहर छा गई और आतिशबाजी कर मिठाइयां बांटी। इसी दौरान नीम का थाना निर्वाचन क्षेत्र के भाजपा नेता विकास यादव अपनी पूरी टीम के साथ प्रेम सिंह बाजोर के निवास पर पहुंचकर उनका माल्यार्पण कर मुंह मीठा करवाया और साफा बांधकर शुभकामनाएं प्रेषित की। और साथ ही मुख्यमंत्री भजनलाल सरकार के कुशल निर्णायक फैसले का जोरदार स्वागत किया। इसी बीच भाजपा नेता विकास यादव ने बताया कि प्रेम सिंह बाजोर को एक बार पुनः सैनिक कल्याण बोर्ड का राज्य मंत्री बनने की सर्वाधिक खुशी उन शहीदों के आश्रित परिवारों को हुई है, जिनको बाजोर साहब ने अपने विगत वर्षों पहले के कार्यकाल में ऐसे हजारों शहिद परिवारों को नौकरी दिलवाई थी, जो लंबे समय से अपने हक के लिए मोहताज थे। और साथ ही उन्होंने राजस्थान प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में वीर शहीदों की मूर्तियां स्थापित कर उसको एवं उनके परिवार को एक बड़ा सम्मान दिलाया। भाजपा नेता विकास यादव ने सरकार के कुशल निर्णायक फैसले का किया जोरदार स्वागतः किया आभार प्रकट बाजोर ने कहा था, जिस गांव का बेटा शहीद हो उस गांव में उसका मंदिर बनाकर उसे पूजना चाहिए राजस्थान सैनिक कल्याण सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर ने कहा है कि शहीद किसी जाति और धर्म का नहीं होता वो देवता के सम्मान पुज्यनीय होता है। उन्होंने कहा कि जिस गांव का बेटा शहीद हो उस गांव में उसका मंदिर बनाकर उसे पूजना चाहिए। किसी भी शुभ कार्य और परेशानी के समय उसके सामने मन्नत मांगनी चाहिए। उनका विश्वास है कि उनकी मनोकामना अवश्य पूरी होगी। उन्होंने कहा कि शहीद देश की धरोहर है और जिस घर और गांव में शहीद होता है वहां शहीद की वीरांगना, माता-पिता तथा गांववासी भी धन्य हो जाते है।। और कहा कि पूरे भारत वर्ष में एकमात्र राजस्थान प्रदेश ऐसा राज्य रहा जिसमें सर्वाधिक मात्रा में वीर शहीदों की मूर्तियां उनके गांव में स्थापित हुई हो। प्रेम सिंह बाजोर की स्वागत घड़ी में श्री वाणी ग्रुप के डायरेक्टर विकास यादव, बलदीप सिंह, लालचंद यादव, धीरेंद्र सिंह, बलराम जी यादव, जैसे प्रबुद्ध लोगों ने श्री वाणी ग्रुप की आत्मीय भेंट की।

## वृत्ताधिकारी नरेंद्र कुमार ने ड्यूटी ज्वाइन करते ही ली एसएचओ के साथ क्राइम मीटिंग



**चमकता राजस्थान। बाड़ी/धौलपुर ।( रामदास तरुण)** सर्कल अधिकारी के पद पर दो दिन पूर्व लगाए गए रवि प्रकाश शर्मा को अचानक ट्रांसफर कर दिया गया है। उनकी जगह हनुमानगढ़ से नरेंद्र कुमार को लगाया गया है। ऐसे में नरेंद्र कुमार द्वारा शनिवार को ड्यूटी ज्वाइन की गई और ड्यूटी ज्वाइन करते ही सर्कल के सभी थाना अधिकारियों की क्राइम को लेकर बैठक ली और लॉ एंड आर्डर को लेकर विशेष निर्देश दिए। पदभार ग्रहण करने के बाद जब सीओ नरेंद्र कुमार से उनकी प्राथमिकताएं जानी तो उन्होंने बताया कि अचानक से उन्हें धौलपुर के बाड़ी में लगाया गया है। तुरंत प्रभाव से ड्यूटी ज्वाइन करने के भी निर्देश थे। ऐसे में उन्होंने ड्यूटी ज्वाइन करते ही सर्कल के सभी एसएचओ की बैठक ली है।उनका उद्देश्य लॉ एंड आर्डर को मेंटेन करना है साथ में शराब पीकर वाहन चलाने वालों के लिए विशेष अभियान चलाने की तैयारी करने के भी एसएचओ को निर्देश दिए हैं।पीएचक्यू से जो भी प्राथमिकताएं दी गई है उन पर भी काम किया जाएगा। प्रयास यही रहेगा कि आमजन में पुलिस का भरोसा बढ़े और अपराधियों में भय। इस दौरान कोतवाली एसएचओ शिवलहरी मीणा, बसई डांग एसएचओ घनश्याम सिंह, सोने का गुर्जा एसएचओ भीम सिंह, सदर एसएचओ विनोद कुमार मौजूद रहे।

## जयपुर कमिश्नरेट की सीएचसी टीम ने ऑपरेशन ₹क्लीन स्वीप₹ के तहत मादक पदार्थ और शराब की तस्करी करने वाली चार महिलाओं को किया गिरफ्तार



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन ₹क्लीन स्वीप₹ के तहत ड्रग्स एवं अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ शिवदासपुरा, मानसरोवर एवं ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए चार महिला तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही उनके पास से अवैध मादक पदार्थ गांजा 179 ग्राम, अवैध देशी शराब के 201 पव्वेएवं बिक्री राशि 22 हजार 860 रुपये बरामद किए गए है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने शिवदासपुरा, मानसरोवर एवं ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए रेखा सांसी (27) निवासी दतवास जिला टोंक हाल शिवदासपुरा जिला जयपुर, अनिता सांसी (25) निवासी फतेहपुर सदर जिला सीकर मानसरोवर जयपुर, कमला उर्फ अनारी (60) निवासी मानसरोवर जयपुर और अंगूरी सांसी (70) निवासी आंधी जिला जयपुर ग्रामीण हाल ट्रांसपोर्ट नगर जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपित महिलाओं के पास से अवैध मादक पदार्थ गांजा 179 ग्राम, अवैध देशी शराब के 201 पव्वे एवं बिक्री राशि 22 हजार 860 रुपये जब्त किया है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## देवनारायण बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाणा का हुआ भव्य स्वागत

चमकता राजस्थान



**जयपुर (खलील कुरैशी)** । प्रदेश की भजनलाल सरकार ने लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से ठीक पहले सात बड़ी राजनीतिक नियुक्तियां की है। जिसमें भाजपा प्रदेश महामंत्री ओमप्रकाश भडाणा को देवनारायण बोर्ड का अध्यक्ष बनाकर कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया है। प्रदेश महामंत्री ओमप्रकाश भडाणा को देवनारायण बोर्ड का अध्यक्ष बनने पर रविवार को परबतसर गुर्जर समाज के युवाओं ने जयपुर पहुंचकर देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री हरलाल गुर्जर, भाजपा बागोट मंडल अध्यक्ष मोनू सिंह राठौड़ नैणिया, भाजयुमो शहर महामंत्री एडवोकेट मुकेश मुकेश तंवर, राजू गुर्जर गिगोली, पप्पूराम गुर्जर कवलाद, एडवोकेट शुभम दाधीच सहित युवा उपस्थित रहे।

4 अप्रैल को नामांकन, 7 को नाम वापसी; मंत्री खींवसर के बेटे धनंजय सिंह की ताजपोशी लगभग तय

# राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन को 8 अप्रैल को मिलेगा स्थायी अध्यक्ष

चमकता राजस्थान




जयपुर। (खलील कुरैशी) राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन को 8 अप्रैल को नया अध्यक्ष मिल जाएगा। आरसीए के मुख्य चुनाव अधिकारी सुनील अरोड़ा ने चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसके तहत वोटर लिस्ट पर आपत्ति के बाद फाइनल वोटर लिस्ट जारी की जाएगी। इसके बाद नामांकन, स्क्रूटनी और नाम वापसी के बाद 8 अप्रैल को वोटिंग और उसके बाद रिजल्ट जारी होगा।आरसीए के अध्यक्ष पद पर हेल्थ मिनिस्टर गजेंद्र सिंह खींवसर के बेटे धनंजय सिंह खींवसर की ताजपोशी तय मानी जा रही है। हालांकि आरसीए पदाधिकारियों की लिस्ट से बीजेपी नेता पराक्रम सिंह और बृज किशोर उपाध्याय का नाम हटाने की वजह से चुनाव के ऐलान के साथ ही विवाद शुरू हो गया है।

### ● धनंजय सिंह की ताजपोशी की पुरी पुरी संभावना

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए हेल्थ मिनिस्टर गजेंद्र सिंह खींवसर के बेटे धनंजय सिंह खींवसर की ताजपोशी ताई मानी जा रही है। क्योंकि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के बेटे पराक्रम सिंह और बीजेपी खेल प्रकोष्ठ के संयोजक बृज किशोर उपाध्याय का आरसीए पदाधिकारियों की लिस्ट से नाम हटाने के बाद धनंजय सिंह के सामने कोई मजबूत उम्मीदवार फिलहाल नजर नहीं आ रहा है। इसके साथ ही राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की मौजूदा कार्यकारिणी में अपना वर्चस्व रखने वाले भवानी सामोता और नागौर सेक्रेटरी राजेंद्र सिंह नांदू भी धनंजय सिंह के साथ खड़े नजर आ रहे हैं। इन दोनों की वजह से ही धनंजय सिंह को राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था। वहीं अब यह दोनों अपने समर्थक जिला क्रिकेट संघों के साथ मिलकर धनंजय सिंह खींवसर को परमानेंट अध्यक्ष बनाने की रणनीति बनाने में जुटे हैं।

एक नजर

## अमेरिका के फिलाडेल्फिया में गोलीबारी तीन की मौत



**फिलाडेल्फिया।** अमेरिका के फिलाडेल्फिया के उपनगर में शनिवार तड़के गोलीबारी हुई। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई। इस घटना के कारण सेंट पैट्रिक्स डे परेड रद्द करनी पड़ी तथा बच्चों का थीम पार्क बंद करना पड़ा। मिडलटाउन टाउनशिप पुलिस के मुताबिक ईस्टर्न पेंसिल्वेनिया की फॉल्स टाउनशिप में गोलीबारी की घटना की पुष्टि हुई है और इस घटना में कई लोग हताहत हुए हैं। संदिग्ध की पहचान 26 वर्षीय आंद्रे गार्डन के रूप में की गई है और वह इस समय बेघर है और वह मुख्य रूप से ट्रेंटन में रहता है। बक्स काउंटी के प्राधिकारियों ने स्थानीय लोगों को अपने घरों में रहने और दरवाजे बंद रखने की सलाह दी है। एक स्थानीय निर्वाचित अधिकारी ने गोलीबारी की इस घटना को घरेलू बताया है। फॉल्स टाउनशिप बोर्ड ऑफ सुपरवाइजर के अध्यक्ष जेफरी डेंस ने कहा कि हमलावर टाउनशिप में दो स्थानों पर गया और उसने कई लोगों को गोली मारी जिनमें से तीन की मौत हो गई।

## गंगा संरक्षण समिति के तत्वावधान में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**गोपेश्वर।** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय, राज्य परियोजना प्रबन्धन ग्रुप, नमामि गंगे उत्तराखण्ड के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को नंदप्रयाग नगर में गंगा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला गंगा संरक्षण समिति चमोली की ओर से नगर पंचायत नंदप्रयाग के माध्यम से नगर क्षेत्र में गंगा स्वच्छता एवं संरक्षण को लेकर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। साथ ही नंदप्रयाग में नंदप्रयाग स्नान घाट में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सभी प्रतिभागियों ने गंगा स्वच्छता एवं संरक्षण के लिये गंगा शपथ ली गयी। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत नंदप्रयाग गौहर हयात, पेड़वाले गुरुजी धन सिंह घरिया, जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे गोविंद सिंह, भवानी स्वयं सहायता समूह और ओम नमः शिवाय स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

## मरीजों के साथ जांच के नाम पर पैसे लेने की मनमानी पर होगी कार्रवाई

**देहरादून।** अस्पतालों की मरीजों के साथ पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी जांच के नाम पर अतिरिक्त पैसे लेना कार्रवाई की जाएगी। राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण ने राज्य के 153 अस्पतालों को नोटिस जारी किए हैं। इसके बावजूद किसी अस्पताल की ओर से मरीजों से पैसे लेने की शिकायत मिली तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। राज्य और केन्द्र सरकार की आयुष्मान योजना के तहत मरीजों को सालाना पांच लाख तक की निःशुल्क उपचार की व्यवस्था है। कई अस्पतालों की ओर से अतिरिक्त पैसा पैथोलॉजी जांच के साथ ही एक्स-रे,अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन और एमआरआई आदि के नाम पर लिए जा रहे हैं। राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण ने इस प्रकार की शिकायत मिलने के बाद प्रदेश के 153 अस्पतालों को नोटिस जारी किए हैं। राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के निदेशक और क्लेम मैनेजमेंट डॉक्टर बीएस टोलिया ने इस संदर्भ में सभी अस्पतालों को नोटिस जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि अगर अस्पताल अपनी हरकत से बाज नहीं आए तो वसूली करने वाले अस्पतालों पर पेनाल्टी लगाई जाएगी। इसके साथ ही संबद्धता भी समाप्त की कार्रवाई की जा सकती है।

## चाकू के साथ एक गिरफ्तार

**हरिद्वार।** बीती मध्य रात्रि चेकिंग के दौरान पुलिस ने संदिग्धावस्था में सड़क पर घूम रहे एक शख्स को ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया। पकड़े गए शख्स के पास से एक चाकू बरामद हुआ। आरोपित शख्स का आर्म्स एक्ट में चालान कर दिया गया है। पुलिस के मुताबिक बीते शनिवार रात गश्त के दौरान ज्वालापुर कोतवाली पुलिस के चेतक सिपाहियों ने संदिग्धावस्था में सड़क पर घूम रहे एक युवक को रोककर उसकी तलाशी ली। युवक के पास से एक चाकू बरामद हुआ। आरोपित के गलत इरादे जान पुलिसकर्मी उसे दबोचकर थाने ले आए। पूछताछ में उसने अपना नाम आमिर खान पुत्र स्वर्गीय सुल्तान खान निवासी मोहल्ला कडच्छ निकट मंडी का कुआं ज्वालापुर बताया। आरोपित का आर्म्स एक्ट में चालान कर दिया गया है।

## यूपी का गैंगस्टर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**हरिद्वार।** नशा तस्करों की धरपकड़ में जुटी पुलिस ने एक ऐसे नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है, जो सहारनपुर का एक गैंगस्टर भी है। पकड़े गए नशा तस्कर से 2 लाख कीमत की स्मैक बरामद की गई है। अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक हरिद्वार जिले के एसएसपी प्रमेन्द्र डोभाल के सख्त निर्देश पर अपराधियों और नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस ने एक अभियान छेड़ा हुआ है। इसी क्रम में चेकिंग के दौरान रविवार को कलियर पुलिस ने गंगनहर कलियर के पास से नशा तस्कर श्रवण गिरी पुत्र रमेश गिरी हाल निवासी सिंचाई विभाग कॉलोनी धनौरी कलियर मूल निवासी ग्राम दुगचाड़ा थाना देवबंद जनपद सहारनपुर को 20 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है।

### कुशीनगर एयरपोर्ट से होली के बाद जेटविंग्स एयरवेज भरेगी उड़ान

# असम की कंपनी को मिली अनुमति

- एयरपोर्ट प्रशासन मंत्रालय को उड़ान के लिए लगातार चिट्ठियां भेजता रहा
- जिलाधिकारी उमेश मिश्र ने भी सरकार को पत्र लिखकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया



**कुशीनगर। एजेंसी**

कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से होली बाद घरेलू उड़ान शुरू हो जाएगी । इसके लिए गुवाहाटी असम की विमानन सेवा प्रदाता कंपनी जेटविंग्स एयरवेज को अनुमति मिली है। मंत्रालय और कंपनी के स्तर पर उड़ान का रूट और शेड्यूल फाइनल करने की तैयारी चल रही है। रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (आरसीएस) के तहत कंपनी को देश के नार्थ ईस्ट, पश्चिम बंगाल , उत्तर प्रदेश और बिहार के जिन 12 क्षेत्रों में परिचालन की अनुमति मिली है, उनमें गुवाहाटी , पाक्योंग, कूच बिहार, कुशीनगर, गया, बरेली , कानपुर, आगरा का हवाई अड्डा शामिल है। कंपनी इन हवाईअड्डों को देश के प्रमुख शहरों से जोड़ेगी। कुशीनगर एयरपोर्ट से अक्तूबर माह में यात्री मिलने के बावजूद स्पाइस जेट ने अचानक कुशीनगरझदिल्ली की एकमात्र उड़ान सेवा 31 मार्च तक बंद कर दी थी, जबकि विमान को औसत 90 प्रतिशत यात्री मिल रहे थे और खाली सीटों पर कंपनी उड़ान योजना से आच्छादित होने के कारण अनुदान भी ले रही थी। कंपनी के इस कदम से हड़कंप मच गया था। सरकार और एयरपोर्ट प्रशासन की आलोचना होने लगी।

एयरपोर्ट प्रशासन मंत्रालय को उड़ान के लिए लगातार चिट्ठियां भेजता रहा। जिलाधिकारी उमेश मिश्र ने भी सरकार को पत्र लिखकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया। एयरलाइन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और एमडी संजय आदित्य सिंह ने बीते सप्ताह गुवाहाटी में प्रेस कान्फ्रेंस कर उड़ान के लिए अनुमति मिलने की जानकारी देते हुए कहा कि हम क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत करने और एक केंद्रित उद्देश्य के साथ देश में प्रचलित पहुंच संबंधी चुनौतियों का समाधान करेंगे। एयरपोर्ट निदेशक आर पी लंका ने कहा कि पूरी प्रक्रिया मंत्रालय स्तर पर चल रही है। विमानों के सुरक्षित लैंडिग, टेक आफ , अवस्थापना सुविधा आदि की हमारी व्यवस्था पूरी है। एयरपोर्ट पर डीबीओआर लग चुका है। जुलाई अगस्त तक आईएलएस का कार्य हो जायेगा। आधिकारिक रूप से उड़ान का अभी कोई रूट और शेड्यूल अभी नहीं आया है।

## फूलों से सजे दरबार में श्रद्धालुओं ने किए खाटू श्याम के दर्शन



**सीकर।** सीकर में चल रहा बाबा खाटूश्याम का मेला परवान है। रविवार को मेले का सातवां दिन है। मुख्य मेला 20 मार्च को आयोजित होगा। इससे पहले ही रविवार से खाटू में भक्तों की भीड़ जुटना शुरू हो चुकी है। रींगस से पदयात्रा करके आने वाले भक्त तोरण द्वार पर गुलाल से होली खेल रहे हैं तो कोई बाबा श्याम के भजनों पर थिरकता हुआ नजर आ रहा है। मेले में अब तक करीब छह लाख से ज्यादा श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। खाटू में मुख्य मेला 20 मार्च को आयोजित होगा। खाटू में पांच हजार पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था संभाले हुए हैं। बाबा श्याम का दिल्ली सहित अन्य शहरों से आए फूलों से श्रृंगार किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री निवास पर हुई बैठक में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और विधायक आक्या में सुलह

**जयपुर। एजेंसी**



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी और चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या में सुलह हो गई है। दोनों के बीच लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करने पर सहमति बनी है। शनिवार देर रात तक जयपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास बैठक चली। निंबाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी ने मध्यस्थता की। आक्या अब पूरा समर्थन भाजपा को देने के लिए राजी हो गए हैं। बैठक में भाजपा से निष्कासित कार्यकताओं को भी वापस पार्टी में लेने की बात हुई है। इन कार्यकताओं को दो दिन बाद औपचारिक रूप से पार्टी शामिल किया जाएगा। यह वो भाजना कार्यकर्ता हैं, जो विधानसभा चुनाव के दौरान निर्दलीय विधायक चंद्रभान सिंह के साथ जुटे थे। मुख्यमंत्री भजनलाल की मौजूदगी में निंबाहेड़ा विधायक श्रीचंद्र कृपलानी, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या बैठक में देर रात तक रहे। मुख्यमंत्री भजनलाल के निर्देश के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता श्रीचंद कृपलानी लगातार दोनों नेताओं का मनमुटाव को खत्म करने की कोशिश कर रहे थे। इसी बीच चंद्रभान सिंह ने लोकसभा में भी खुद के चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी थी। इसके बाद दोनों के बीच चल रही कोल्ड वॉर फिर से सामने आने लगी थी।

विधायक चंद्रभान सिंह के समर्थकों की संख्या ज्यादा है। ऐसे में दोनों नेताओं के टकराव से कांग्रेस को फायदा मिलने की आशंका थी। सीपी जोशी और आक्या के एक होने के बाद कांग्रेस की परेशानियां बढ़ सकती हैं। चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी और विधायक चंद्रभान सिंह आक्या में कई साल से मनमुटाव था। दोनों पार्टी के लिए काम कर रहे थे। विधानसभा चुनाव में चित्तौड़गढ़ सीट से टिकट काटे जाने के बाद आक्या ने बगावत कर दी थी। टिकट काटने का आरोप सीपी जोशी पर लगाया था। विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने निर्दलीय चुनाव लड़ा था और जीते थे।

## हरदोई रेलवे ट्रैक पर मिले युवक-युवती के शव

**हरदोई।** कछौना कोतवाली क्षेत्र के सुजानपुर रेलवे फाटक के मध्य रेलवे ट्रैक पर रविवार की सुबह युवक-युवती का क्षत-विक्षत शव मिला। युवक की शिनाख्त हुई है। पुलिस की प्राथमिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग का प्रतीत हो रहा है। पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने बताया कि पूरा रेलवे फाटक के मध्य रेलवे ट्रैक पर एक युवती और युवक का शव पड़े होने की सूचना मिली। लाश मिलने की खबर मिलते ही कछौना कोतवाली पुलिस पहुंच गयी। शवों को कब्जे में लेकर शिनाख्त की कोशिश शुरू कर दी। युवक की पहचान इंद्रजीत पुत्र संतराम निवासी टेउना खुर्द थाना बेनीगंज के रूप में हुई। जबकि युवती की पहचान अभी नहीं हो सकी है। प्रेम-प्रसंग का मामला प्रतीत हो रहा है। फिलहाल शवों को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच की जा रही है।

## हर बूथ को मजबूत करने की रणनीति पर रहना है सक्रिय : संतोष सिंह

**फिरोजाबाद। एजेंसी**



भाजपा लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति एवं कोर समिति की संयुक्त बैठक रविवार को पार्टी के शिविर कार्यालय एटा रोड टुंडला पर संपन्न हुई। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व ब्रज क्षेत्र प्रभारी एवं नवनिर्वाचित एमएलसी सन्तोष सिंह ने लोकसभा 2024 की कार्ययोजनाओं व संगठन को सशक्त करने संबंधी विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुऐ पार्टी पदाधिकारियों से संवाद किया । उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और विकसित भारत का संकल्प के साथ लोकसभा फिरोजाबाद के हर बूथ को मजबूत करने की रणनीति पर सक्रिय रहकर कार्य करना है। फिर एक बार भाजपा सरकार" के संकल्प और "अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु फिर से कमल खिलाने का संकल्प के साथ बड़ी ही मजबूती के कार्ययोजना पर कार्य करना है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि इस बैठक में लोकसभा चुनाव में पार्टी की विजयीश्री प्राप्त करने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की गई। इस दौरान प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष राकेश, लोकसभा प्रभारी शिवशंकर, विधायक मनीष, महापौर कामिनी राठौर, विधायक प्रेम पाल सिंह घनगर, लोकसभा संयोजक व्रन्दावन लाल, रामगोपाल पप्पू लोधी, ओम प्रकाश वर्मा पूर्व विधायक, जिला मीडिया प्रभारी डॉ अमित गुप्ता, आकाश शर्मा जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा, डॉ सत्य पाल राजपूत, वीरेंद्र सिंह, दिनेश गुप्ता, गोपाल कृष्ण सहित लोकसभा विस्तारक व लोकसभा प्रबन्धन समिति के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मसूरी में पहाड़ी से गिरा बड़ा हिस्सा दो मजदूर मलबे में दबे, एक की मौत

**मसूरी। एजेंसी**



मसूरी कैमल बैक रोड दुर्गा मंदिर के पास सिवरेज लाइन डालते हुए पहाड़ी से एक बड़ा हिस्सा गिरने से दो मजदूर उसकी चपेट में आ गए, जिसमें से एक मजदूर की मौके पर मृत्यु हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि मसूरी की कैमल बैक रोड दुर्गा मंदिर के पास सिवरेज पाइपलाइन डालने का काम किया जा रहा था। पाइपलाइन डालते समय पहाड़ी का एक बड़ा भाग अचानक से गिर गया, जिसकी चपेट में दो मजदूर आ गए। मौके पर काम कर रहे मजदूरों ने आनन फानन में दोनों मजदूरों को मलबे से बाहर निकाला, परंतु तब तक एक मजदूर की मौत हो गई थी, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया था। दोनों मजदूरों को एंबुलेंस के माध्यम से मसूरी की उप जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने जांच के बाद एक मजदूर की मृत घोषित किया। जबकि, दूसरे का इलाज किया जा रहा है। उप जिला चिकित्सालय में तैनात डॉक्टर मोहित कुमार ने बताया कि देर शाम दो मजदूर अस्पताल लाये गये थे जिसमें से एक मजदूर की मत्यु हो गई थी। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल था। घटना की सूचना मिलते ही मसूरी पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जांच पर जुट गई। मसूरी कोतवाल अरविंद चौधरी ने बताया कि इस हादसे में से एक मजदूर 60 वर्षीय भीम बहादुर पुत्र दल बहादुर निवासी ग्राम चेनपुर वदिया नेपाल वर्तमान पता गोकुल निवास पिक्कर पैलेस मसूरी गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसका इलाज उप जिला चिकित्सालय में किया जा रहा है।

## अंतरराष्ट्रीय समुदाय से मानवाधिकार उल्लंघन का संज्ञान लेने की अपील

**इस्लामाबाद। एजेंसी**




बलोच यकजहती कमेटी प्रतिनिधि डॉ. महरंग बलोच ने संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से बलूचिस्तान में गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों का संज्ञान लेकर उसे खत्म करने की दिशा में हस्तक्षेप करने की अपील की। संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार परिषद् के 55वें सत्र के दौरान उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से बलूचिस्तान के लिए स्टैंड लेने की अपील की।

डॉ. महरंग बलूच ने एक्स पर साझा की गई पोस्ट में इसकी जानकारी देते हुए बताया कि बलोच यकजहती कमेटी एक समूह है जो बलोच लोगों के अधिकारों की हिमायत करता है। यूएनएचआरसी में डॉ. महरंग ने सिलसिलेवार तरीके से बताया कि उनके पिता को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों ने गायब कर दिया और हिरासत में मार डाला। उनका छोटा भाई भी गायब कर दिया गया और महीनों तक यातनाएं झेलता रहा। हालांकि उन्होंने कहा कि वे अपने परिजनों के लिए नहीं बल्कि बलोच लोगों के प्रतिनिधि के रूप में उस व्यथा को रख रही हैं जिन्होंने लंबे समय तक अकल्पनीय पीड़ा सही है।

उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से बलूचिस्तान में हस्तक्षेप का अनुरोध किया। डॉ. महरंग बलूच ने कहा कि बलूचिस्तान के लोगों के साथ अमानवीयता, रातोंरात गायब किए जाने, न्याय प्रणाली को दरकिनार कर हत्या, फर्जी मुठभेड़ जैसे मामले हो रहे हैं। उनका आरोप है कि सत्ता प्रतिष्ठान की तरफ से बलूचिस्तान में धीमी गति से नरसंहार चल रहा है।

जिससे उनका पूरे समुदाय खतरे में है। उनका कहना है कि बलोच लोगों ने दशकों से पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठान के उनके इलाके में किए गए मानवाधिकार उल्लंघन का लगातार विरोध किया है।

## उप्र में कांग्रेस ने अभी तक उम्मीदवारों की नहीं की घोषणा

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के तिथि की घोषणा हो चुकी है। पिछले चुनाव की तरह ही इस बार भी सात चरणों में और पश्चिमी उप्र से ही शुरू होगा। इस चुनाव में जहां एक ओर भाजपा 51 सीटों पर, सपा ने 36 सीटों तथा बसपा ने नौ सीटों पर उम्मीदवारों को चुनावी मैदान में उतार चुकी है तो वहीं कांग्रेस ने अब-तक अपने एक भी उम्मीदवार की घोषणा नहीं कर पायी है। उल्लेखनीय है कि उप्र में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के बनने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ा था। धरना-प्रदर्शन और प्रदेश सरकार के खिलाफ आवाजा बुलंद करने का सिलसिला भी बढ़ गया। पिछले दिनों सपा से गठबंधन के पूर्व कांग्रेस यह कहती रही कि गठबंधन होते ही उम्मीदवार तय हो जाएंगे, लेकिन प्रदेश में गठबंधन के बाद कांग्रेस के खाते में 17 लोकसभा क्षेत्र आये और उस पर भी आज तक उम्मीदवार तय नहीं हो सके। इससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं में निराशा बढ़ती जा रही है। वहीं बसपा ने अपने नौ उम्मीदवार उतारे हैं।

आस्था

### करोरी आश्रम ट्रस्ट व लोहिया मानव कल्याण ट्रस्ट के तत्वावधान में होगा आयोजन

## धीरेंद्र शास्त्री का लगेगा दरबार, निकली भव्य कलश यात्रा

**मुरादाबाद। एजेंसी**

श्री राम बालाजी धाम बाबा नीव करोरी आश्रम ट्रस्ट रजिस्टर्ड मुरादाबाद और लोहिया मानव कल्याण ट्रस्ट रजिस्टर्ड के तत्वावधान में 18 मार्च से 20 मार्च तक होने वाली तीन दिवसीय हनुमंत कथा और दिव्य दरबार से पूर्व रविवार को भव्य कलश यात्रा धूमधाम से निकली। कलश यात्रा में मनमोहक झांकियां भी सम्मिलित रही। तीन दिवसीय यह भव्य आयोजन नया मुरादाबाद स्थित लोहिया स्टेट सेक्टर 6 के सामने संपन्न होगा।

सोमवार 18 मार्च को श्री बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री मुरादाबाद पहुंचेंगे। श्री राम बालाजी धाम बाबा नीव करोरी आश्रम ट्रस्ट के

- हजारों महिलाएं पीतांबर वस्त्र पहने हजारों महिलाएं अपने सिर पर कलश रखकर भगवान के भजनों का गुणगान करते हुए व नाचते गाते हुए चल रही थी।



मीडिया प्रभारी जयदेव यादव ने बताया कि 18 मार्च से तीन दिवसीय हनुमंत कथा और दिव्य दरबार का आयोजन होगा। जिसमें पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री दोपहर 2 बजे से प्रतिदिन पीतलनगरी के श्रद्धालुओं को हनुमंत कथा का रसपान कराएंगे। 19 मार्च को सुबह 9 बजे से कथा स्थल नया मुरादाबाद स्थित लोहिया स्टेट सेक्टर 6 के सामने दिव्य दरबार लगेगा।

रविवार को नया मुरादाबाद स्थित महाकालेश्वर धाम मंदिर से भाव कलश यात्रा बैंड बाजे ढोल नगाड़े के साथ हजारों महिलाएं पीतांबर वस्त्र पहने हजारों महिलाएं अपने सिर पर कलश रखकर भगवान के भजनों का गुणगान करते हुए व नाचते गाते हुए चल रही थी। कलश यात्रा का मार्ग में विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत अभिनंदन किया गया।

नया मुरादाबाद स्थित लोहिया स्टेट स्थित कथा स्थल पर कलश यात्रा का भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अजमान विनीत कुमार लोहिया,पीयूष लोहिया, अनमोल लोहिया, पंकज सक्सेना, राकेश गुप्ता, देवेंद्र बिष्ट, विनीत गुप्ता, गौरव अग्रवाल, शैलेंद्र प्रकाश गुप्ता, प्रदीप कुमार गुप्ता, विनोद राय,रचित अग्रवाल, गिरीश चन्द्र, अमित गुप्ता, अविनाश गुप्ता, मनोज गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## भारत सरकार ने सीएए लागू कर वर्षों का सपना पूर्ण किया : रमेश

**मुरादाबाद। एजेंसी**



सोनकपुर बाईपास स्थित दैनिक योग केंद्र पर केंद्र के सदस्यों की रविवार को प्रातः बैठक हुई जिसमें सभी योग साधकों ने भारत सरकार द्वारा देश में नागरिक संशोधन बिल 2019 लागू करने की सराहना की । बैठक में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा नागरिक संशोधन अधिनियम को लेकर पाकिस्तान से आए शरणार्थियों पर की गई अभद्र टिप्पणी की निंदा की गई। योग केंद्र के संचालक रमेश सिंह आर्य एडवोकेट ने कहा कि 15 अगस्त 1947 से पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में हिंदुओं पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं। भारत का हर नागरिक को उन पर हो रहे अत्याचारों से बहुत परेशानी होती थी और मन में भावना आती थी कि हमारा देश उनको शरण देकर उनकी जान व इज्जत बचायें तथा अपनी नागरिकता प्रदान करें। रमेश सिंह आर्य ने आगे कहा कि भारत सरकार ने सीएए लागू कर वर्षों का सपना पूर्ण किया। पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बंग्लादेश का पीड़ित हर अल्पसंख्यक अब भारत में आकर अपनी अस्मिता बचा सकेगा और अपने भविष्य को सुरक्षित महसूस कर सकेंगा।

## एक नजर

### रोहित के पास इस बार खुलकर बल्लेबाजी का मौका : आरोन फिंच



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर आरोन फिंच ने कहा है कि इस बार आईपीएल में मुम्बई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा के पास खुलकर खेलने का अवसर है जिसका उन्हें लाभ उठाना चाहिये। फिंच के अनुसार इस बार रोहित कप्तान नहीं बल्कि एक बल्लेबाज के तौर पर उतरेंगे जिसका लाभ मुम्बई को होगा क्योंकि वह कप्तानी की जिम्मेदारी नहीं होने से आधिक आजादी से खेल सकेंगे। इससे पहले के सत्र तक वह कप्तान थे जिसके कारण उन्हें सभी बातों का ध्यान रखना पड़ता था। रोहित की कप्तानी में मुम्बई ने पांच बार आईपीएल खिताब जीता है पर इस बार उनकी जगह हार्दिक पंड्या को कप्तानी की जिम्मेदारी दी गयी है। फिंच ने कहा कि रोहित के लिए अब एकमात्र चुनौती मैदान पर उतरकर अपनी टीम को अच्छी शुरूआत देना है। भारतीय टीम के साथ ही वह मुम्बई के लिए पहले भी ऐसा करते रहे हैं। इसलिए इसमें उन्हें समस्या नहीं होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि जब आप टीम की कप्तानी कर रहे होते हो तो आप जहां भी जाते हो टीम के कप्तान होते हो।

### ओलंपिक में जीत के लिए प्रदर्शन में निरंतरता जरुरी : श्रीजेश



**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने कहा है कि ओलंपिक में भारतीय टीम पदक जीतने के इरादे से उतरेगी। श्रीजेश के अनुसार टीम से सभी को काफी उम्मीदें हैं पर इसे दबाव मानने की जगह पर हम उर्जा स्त्रोत मानकर चल रहे हैं। उनका कहना है कि टीम का ध्यान प्रदर्शन में निरंतरता पर रहेगा क्योंकि इसी से सफलता मिलेगी। श्रीजेश ने कहा कि पिछली बार तक सभी बोलते थे कि हमारा हॉकी में गौरवशाली इतिहास है और हमें ओलंपिक में पदक जीतना है। इस बार हमारे पास कांस्य पदक है और अब हमसे स्वर्ण की अपेक्षाएं हैं। टोक्यो ओलंपिक के बाद से ही हमने लगातार अच्छा खेला है और कई टूर्नामेंट जीते हैं जिससे टीम का मनोबल बढ़ा है। टीम पर दबाव से इंकार नहीं किया जा सकता पर ये सकारात्क है। इससे पता चलता है कि हम पदक जीतने में सक्षम हैं। हमारी टीम का मूल मंत्र है कि मैदान के बाहर के दबाव को बाहर ही रखो, उसे अंदर लेकर मत आओ।

# अमेलिया और सोफी शुरूआती टी-20 मैच नहीं खेलेंगी: एनजेडसी

- खिलाड़ियों को इंग्लैंड की मजबूत टीम के खिलाफ खुद को परखने का मौका मिलेगा
- न्यूजीलैंड ने प्रतिस्थापन के रूप में बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर को टीम में बुलाया है



**वेलिंग्टन। एजेंसी**

अमेलिया केर और सोफी डिवाइन इंग्लैंड के खिलाफ 19 मार्च से डुनेडिन में शुरू हो रही पांच टी-20 श्रृंखला के शुरूआती मैच में न्यूजीलैंड की महिला का हिस्सा नहीं होंगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने एक बयान में कहा भारत में चल रहे विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर टीम के लिए खेल रही केर शुरूआती टी-20 मैच में हिस्सा लेने के लिए समय पर न्यूजीलैंड नहीं लौट पायेंगी। वहीं न्यूजीलैंड की सफेद गेंद की महिला कप्तान सोफी डिवाइन रॉयल चैंलेंसर्ज बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए नियमित स्टार्टर रहीं हैं। वह रविवार को विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स से मुकाबला करेंगी। एनजेडसी ने 22 मार्च को नेल्सन में होने वाले दूसरे टी-20 के लिए केर की उपलब्धता की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि डिवाइन रविवार को डब्ल्युपीएल फाइनल के तुरंत बाद भारत छोड़कर अपनी जोड़ीदार के साथ टीम के साथ उपलब्ध रहेंगी। न्यूजीलैंड ने प्रतिस्थापन के रूप में बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर को टीम में बुलाया है और क्वीन्सटाउन में इंग्लैंड ए के खिलाफ दूसरे मैच के बाद न्यूजीलैंड ए टीम से एक दूसरे खिलाड़ी का भी चयन किया जाएगा। डिवाइन और केर के अनुपलब्ध होने पर सुजी बेट्स शुरूआती टी-20 मैच में न्यूजीलैंड की टीम का नेतृत्व करेंगी।

न्यूजीलैंड के मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा श्रृंखला की शुरूआत के लिए हमारे साथ केर और सोफी का न होना स्पष्ट रूप से निराशाजनक है। उन्होंने कहा, हम जानते हैं कि पिछले कुछ समय से ऐसा हो रहा है इसलिए हमने सभी परिदृश्यों के लिए योजना बनाई है और सकारात्मक बात यह है कि इससे अन्य खिलाड़ियों को इंग्लैंड की मजबूत टीम के खिलाफ खुद को परखने का मौका मिलेगा।

इंग्लैंड के भी चार खिलाड़ी अपनी डब्ल्यूपीएल में खेलने के कारण पांच में से पहले तीन टी-20 के लिए अनुपलब्ध हैं। ऐलिस कैप्सी (दिल्ली कैपिटल्स), सोफी एक्लेस्टोन (यूपी वारियर्स), नेट साइवर-ब्रंट (मुंबई इंडियंस) और डैनी व्याट (वॉरियर्स) केवल चौथे टी-20 से पहले टीम के साथ जुड़ेंगी। वहीं आरसीबी के खेल रही केट क्रॉस को केवल एकदिवसीय श्रृंखला के लिए टीम में चुना गया है। मुंबई इंडियंस टीम का हिस्सा रही इस्सी वोंग को किसी भी टीम में जगह नहीं मिली।

### टी20 विश्वकप जीतने टीम में विराट का होना जरुरी : श्रीकांत



**मुम्बई। एजेंसी**

पूर्व क्रिकेटर एस श्रीकांत ने कहा है कि अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली का आगामी टी20 विश्व कप 2024 के लिए टीम में होना जरुरी है। श्रीकांत ने ये बात उन अटकलों को लेकर कही है जिसमें अंदाजा लगाया गया है कि विराट को टी20 विश्व कप के लिए टीम में शायद ही जगह मिले। विराट अभी निजी कारणों से खेल से दूर हैं और वह आईपीएल से मैदान पर वापसी करेंगे।

श्रीकांत ने कहा, कोई सवाल ही नहीं उठता कि आप विराट के बिना टी20 विश्व कप में भाग लें। साथ ही कहा कि वह ऐसे खिलाड़ी थे जो भारत को 2022 के टी20 विश्व कप में सेमीफाइनल तक लेकर गए थे। ऐसे में ये कहना गलत है कि उन्हें टीम में जगह नहीं मिलेगी। अगर भारतीय टीम को टी20 विश्व कप जीतना है तो विराट को शामिल किया जाना जरुरी है। 1983 विश्वकप विजेता टीम के सदस्य रहे श्रीकांत ने कहा, आपको मैदान पर एक ऐसे खिलाड़ी की जरूरत होगी। जो अंत तक बल्लेबाजी कर सके।

हर टीम को एक एंकर की जरूरत होती है फिर चाहे वह टी20 विश्वकप हो या फिर एकदिवसीय विश्वकप। विराट के बिना टीम आगे नहीं बढ़ सकती। हमें विराट की जरूरत पड़ेगी। विराट ने अब तक भारत के लिए कुल 117 टी20 मुकाबले खेले हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 2922 रन निकले हैं। टी20 अंतराष्ट्रीय में विराट का स्ट्राइक रेट 138 का रहता है जबकि उनका औसत 51 के करीब रहता है।

### चोटिल मदुशंका बंगलादेश दौरे से हुए बाहर



**ढाका।** श्रीलंका के गेंदबाज दिलशान मदुशंका बंगलादेश के खिलाफ चल रही एकदिवसीय सीरीज में चोटिल होने के बाद शेष दौरे से बाहर हो गये और उनके मुंबई इंडियंस की के शुरूआत चरण में खेलने की भी संभावना कम है। श्रीलंका क्रिकेट ने रविवार सुबह जारी एक बयान में कहा कि एमआरआई स्कैन में पुष्टि हुई है कि मदुशंका के बायें पैर में हैमस्ट्रिंग की चोट है और वह रिहैब के लिए घर लौटेंगे। श्रीलंका की टीम के मैनेजर महिंदा हलनगोड़ा ने कहा हमें उनकी चोट के बारे में रविवार सुबह रिपोर्ट मिली है। यह नई चोट है। हमें नहीं पता कि इससे उबरने में उन्हें कितना समय लगेगा। वह चिकित्सक दल की निगरानी में उच्च प्रदर्शन सेंटर में रिहैब करेंगे। वह कल होने वाले एकदिवसीय से तो बाहर हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि चटगांव में खेले गये दूसरे एकदिवसीय को तीन विकेट से जीतकर श्रीलंका ने सीरीज में बराबरी कर ली है और अभी एक वनडे खेला जाना है। मदुशंका ने इस मैच में गेंदबाजी करते हुए शुरूआत में बंगलादेश के दो विकेट लिए थे। लेकिन चोट के कारण वह 6.4 ओवर के बाद मैदान से बाहर चले गए थे। मदुशंका को दिसंबर में हुई नीलामी में मुंबई इंडियंस ने 4.6 करोड़ में खरीदा था।

## बेटे के जन्म के बाद स्वदेश लौटे विराट कोहली



**मुम्बई। एजेंसी**

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली लंदन में बेटे अकाय के जन्म के बाद स्वदेश पहुंच गये हैं। विराट पिछले कुछ सप्ताह से अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा और बेटी वामिका के साथ लंदन में ही थे। बच्चे के जन्म के कारण ही वह इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से भी बाहर थे। उन्हें बेटे अकाय के जन्म के बाद पहली बार मुंबई हवाईअड्डे पर देखा गया। वह 22 मार्च से शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के प्रशिक्षण शिविर में भी शामिल होंगे। विराट दूसरी बार पिता बने हैं। उन्होंने 20 फरवरी को अपने नवजात बेटे की खबर की घोषणा की थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, अत्यधिक खुशी और प्यार से भरे दिलों के साथ हम सभी को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 15 फरवरी को, हमने अपने बच्चे अकाय और वामिका के छोटे भाई का इस दुनिया में स्वागत किया। हम इस खूबसूरत समय में आपका आशीर्वाद और शुभकामनाएं चाहते हैं। हम आपसे अनुरोध करते हैं कि इस समय कृपया हमारी निजता का सम्मान करें। प्यार और आभार। विराट और अनुष्का।

उन्हें शुरूआत में पहले दो टेस्ट के लिए भारत की टीम में शामिल किया गया था, लेकिन उन्होंने शुरूआती मैच से कुछ दिन पहले ही अपना नाम वापस ले लिया। इसके बाद पूरी सीरीज से ही वह बाहर हो गये थे। कोहली ने अंतिम बार भारतीय टीम की ओर से जनवरी में अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज खेली थी। उनके आरसीबी के वार्षिक अनबॉक्स प्रमोशनल कार्यक्रम में शामिल होने की उम्मीद है जो 19 मार्च को बेंगलुरु में होने वाला है।

## गुलवीर ने तोड़ा 16 साल पुराना 10000 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड



**सैन जुआन कैपिस्ट्रानो। एजेंसी**

भारतीय धावक गुलवीर सिंह ने रविवार को द टेन 2024 एथलेटिक्स मीट में पुरुषों की दस हजार मीटर में 16 साल पुराने राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। अमेरिका के कैलिफोर्निया में सैन जुआन कैपिस्ट्रानो में आयोजित एथलेटिक्स मीट में 27:41.81 के समय के साथ, गुलवीर अमेरिकी ड्रू हंटर के बाद दूसरे स्थान पर रहे। ड्रू हंटर को 27:38.87 समय के साथ पहला स्थान मिला। जर्मनी के आरोन बिएननफेल्ड 27:42.83 समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

इस स्पर्धा में भारत का पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड 28:02.89 था। इसे सुरेंद्र सिंह ने बनाया था। गुलवीर सिंह का यह प्रयास 37वां सर्वश्रेष्ठ एशियाई समय भी है। इसके बावजूद शीर्ष 100 की सूची में कोई अन्य भारतीय शामिल नहीं है। गुलवीर सिंह ने पिछले वर्ष एशियन खेल में इसी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने अभी तक पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए निर्धारित प्रवेश मानक 27:00.00 को पार नहीं किया है। भारत के कार्तिक कुमार ने भी 28:01.90 समय के अपने नए व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ के साथ नौवां स्थान हासिल किया। अविनाश साबले द टेन में पुरुषों की एक अलग 10000 मीटर रेस में 15वें लैप पर बाहर निकलने के बाद डीएनएफ (रेस समाप्त नहीं की) कर दिया।

पारुल चौधरी महिलाओं की 10000 मीटर दौड़ में 32:02.08 के समय के साथ 20वें स्थान पर रहीं और इस श्रेणी में तीसरी सबसे तेज भारतीय महिला बन गईं। एक नया व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ स्थापित करने के बावजूद वह 30:40.00 समय के पेरिस ओलंपिक क्वालीफाइंग मानक को पूरा करने में विफल रहीं। महिलाओं की एक अलग 10000 मीटर दौड़ में सीमा ने 32:07.67 का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर तीसरा स्थान हासिल किया।

वह संजीवनी जाधव 32:21.76 के साथ चौथे स्थान पर रहीं, जबकि अंकिता ने 32:48.71 के साथ फिनिश लाइन पार करते हुए आठवां स्थान हासिल किया। इन दोनों ही एथलीटों ने इस स्पर्धा में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

## मनोरंजन करने के साथ ही लोगों को प्रेरित भी करती है जहांकिला : कपिल



**मुंबई। एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज खिलाड़ी कपिल देव का कहना है कि फिल्म जहांकिला मनोरंजन करने के साथ ही लोगों को प्रेरित भी करती है। पंजाब के गांवों की पृष्ठभूमि पर आधारित बलिदान, प्रेम, दोस्ती और देशभक्ति की एक दिलचस्प कहानी जहानकिला के प्रीव्यू के अवसर पर क्रिकेट के दिग्गज कपिल देव, सुनील गावस्कर, दिलीप वेंगसरकर और इरफान पठान मौजूद थे। इस अवसर पर कपिल देव ने कहा, मैं 'जहांकिला' के पीछे प्रतिभाशाली युवा टीम का समर्थन करने के लिए बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। कहानी कहने के प्रति उनका समर्पण और पंजाब की वीरतापूर्ण भावना का उनका चित्रण वास्तव में मेरे साथ जुड़ा हुआ है। मेरा मानना है कि यह फिल्म न केवल मनोरंजन करती है बल्कि प्रेरित भी करती है, और मुझे इस तरह के सार्थक प्रोजेक्ट को अपना समर्थन देने पर गर्व है। विक्की कदम द्वारा निर्देशित फिल्म जहांकिला एक साधारण पृष्ठभूमि के युवक शिंदा की यात्रा का वर्णन करती है, जो पारिवारिक बलिदानों से प्रेरित होकर पुलिस बल में शामिल होता है।

# कारोबार की खबरें

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव




**नयी दिल्ली। एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.32 प्रतिशत उतरकर 81.00 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड उतरकर 85.34 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। देश के चार महानगरों में पेट्रोल और डीजल की कीमत इस प्रकार रही।

## नीतिगत निर्णय का बाजार पर रहेगा असर



**मुंबई। एजेंसी**

रूस की तेल रिफाइनरी पर यूक्रेन के ड्रोन हमले के साथ ही अमेरिका में महंगाई की दर अनुमान से अधिक रहने के बाद फेड रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती शुरू करने को लेकर बढ़ी चिंता के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई भारी बिकवाली से बीते सप्ताह दो प्रतिशत की गिरावट देख चुके घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह दुनिया के कई केंद्रीय बैंकों की नीतिगत दरों को लेकर होने वाली बैठकों के निर्णय का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1476.46 अंक अर्थात 1.99 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 72643.43 अंक रह गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 470.2 अंक यानी 2.1 प्रतिशत की गिरावट लेकर 22023.35 अंक पर आ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों पर बिकवाली का दबाव दिग्गज कंपनियों से अधिक रहा।

इससे मिडकैप 1602.41 अंक अर्थात् 4.02 प्रतिशत लुढ़ककर सप्ताहांत पर 38250.44 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप 2640.82 अंक यानी 5.9 प्रतिशत टूटकर 42012.75 अंक रह गया। विश्लेषकों के अनुसार, एक नई ऊंचाई छूने के बाद बाजार मूल्यांकन और अस्थिरता में वृद्धि पर चिंताओं के कारण बीते सप्ताह घरेलू बाजार में करेक्शन देखा गया। खुदरा निवेशकों की बिकवाली के कारण मिडकैप और स्मॉलकैप में गिरावट आई। हालांकि मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में सौदेबाजी के अवसर बने रहने की उम्मीद है।

इस बीच एफएमसीजी और सोने जैसे विरोधाभासी शेयर कुछ राहत दे रहे हैं। अगले सप्ताह वैश्विक केंद्रीय बैंकों अमेरिकी फेडरल रिजर्व, बैंक ऑफ जापान और बैंक ऑफ इंग्लैंड की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक होने वाली है। इन बैंकों के ब्याज दरों को लेकर होने वाले निर्णय पर बाजार की नजर रहेगी। हालांकि अमेरिकी बेरोजगारी दर में वृद्धि और महंगाई दर के अनुमान से अधिक रहने के कारण फेड रिजर्व की ब्याज दर में कटौती किए जाने को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। इससे अमेरिका के 10 वर्षीय बांड यील्ड और डॉलर सूचकांक में बढ़ोतरी हुई और इसका असर उभरते बाजारों पर भी दिखाई देने लगा है।

बीते सप्ताह शेयर बाजार में तीन दिन गिरावट और दो दिन तेजी रही। अमेरिका में महंगाई आंकड़े जारी होने से पहले विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊंचे भाव पर हुई मुनाफावसूली से सोमवार को सेंसेक्स 616.75 अंक का गोता लगाकर 73,502.64 अंक और निफ्टी 160.90 अंक गिरकर 22,332.65 अंक पर बंद हुआ।

## विदेशी मुद्रा भंडार 10.5 अरब डॉलर बढ़कर 636.1 अरब डॉलर पर



**मुंबई। एजेंसी**

विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढोतरी होने से 08 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.5 अरब डॉलर बढ़कर लगातार तीसरे सप्ताह बढ़ता हुआ 636.1 अरब डॉलर हो गया।

इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.6 अरब डॉलर बढ़कर लगातार दूसरे सप्ताह चढ़ता हुआ 625.6 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 08 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 8.1 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 562.4 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 2.3 अरब डॉलर बढ़कर 50.72 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 3.1 करोड़ डॉलर की बढ़त हुई और यह बढ़कर 18.21 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.82 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

## संक्षिप्त समाचार

### माटीकला बोर्ड अध्यक्ष का स्वागत



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** माटी कला बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रहलाद टांक का रविवार को राष्ट्रीय नाई महासभा के प्रदेश कार्यालय पर स्वागत किया गया।

राष्ट्रीय नाई महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सैन सरना ने बताया कि बैनाड़ रोड़ पर स्थित महासभा के प्रदेश कार्यालय पर पधारे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद टांक का पगड़ी बांधकर माला पहनाकर और तलवार भेंट कर स्वागत किया गया. इस अवसर पर अखिल भारतीय नारायणी धाम के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष भगवान सहाय मीनावाला, राष्ट्रीय नाई महासभा के प्रधान महासचिव, रोहिताश सैन , प्रदेश महासचिव घनश्याम सैन धानोता,क्षोरकार समिति बैनाड़ रोड़ के महामंत्री, दिनेश सैन,उपाध्यक्ष, मनोज कुमार, उप महामंत्री बन्टी सैन, ललित किशोर सैन सहित अनेकों सामाजिक लोग उपस्थित थे।

### सामाजिक सेवा सम्मान समारोह में सवा सौ प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

- **राज्यपाल और मुख्यमंत्री समेत गणमान्य जनों ने दी शुभकामनाएं**
- **आरके मेमोरियल सामाजिक संस्थान और जेवीपी ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में होगा समारोह**



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** आरके मेमोरियल सामाजिक सेवा संस्थान और जेवीपी ग्रुप की ओर से रविवार को राजस्थान कृषि अनुसंधान केंद्र दुर्गापुरा के सभागार में सामाजिक सेवा सम्मान समारोह आयोजित हुआ ।

कार्यक्रम संयोजक हरिराम किंवाड़ा और ओपी चौधरी ने बताया कि शिक्षा, समाज सेवा, नागरिक सुरक्षा, प्रशासन, खेल ,कला, चिकित्सा, पत्रकारिता जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 125 प्रतिभाओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर नवाजा गया ।

कार्यक्रम में शिक्षा में नवाचार सामाजिक सरोकारों में सहभागिता के साथ सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता और मन की खुशी के लिए जीवन शैली पर विशेष संवाद भी हुआ । विभिन्न क्षेत्रों के सफलतम व्यक्तियों ने अपना अनुभव साझा किया। सामाजिक सरोकारों को लेकर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई गई। कार्यक्रम में सामाजिक सेवा के मिशन को लगातार जारी रखने का संकल्प भी लिया। समाज में सुधारात्मक पहल और सरकार तक अपनी बात पहुंचाने के लिए एक सामूहिक प्रस्ताव भी पारित किया गया। सामान्य जन को भी अपने विचारों को साझा करने के लिए प्लेटफार्म दिया गया।

### भाजपा किसान मोर्चा करेगा लोकसभा स्तर पर लाभार्थी किसान सम्मेलन

- **ईआरसीपी प्रदेश के लिये साबित होगी जीवन दायिनी इससे 21 जिलों के किसानों को मिलेगा लाभ : चौधरी**



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** किसान मोर्चा की ओर से भाजपा लोकसभा स्तर पर चलाए जा रहे लाभार्थी किसान कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता आयोजित हुई। जिसे किसान आयोग के नव- नियुक्त अध्यक्ष सी.आर. चौधरी, मोर्चा प्रदेश महामंत्री रेवत सिंह राजपुरोहित, डॉ. बलराम दून और भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अमित गोयल ने संबोधित किया। नव-नियुक्त किसान आयोग अध्यक्ष सी.आर. चौधरी ने कहा कि ईआरसीपी से 21 जिलों को सिंचाई एवं पेयजल हेतु किसानों को पानी मिलेगा। जिससे 2.80 लाख हैक्टर सिंचाई लाभ के लिए 40 प्रतिशत आबादी को इसका लाभ मिलेगा। राजस्थान सरकार द्वारा प्रदेश में किसान सम्मान निधि योजना के तहत 6 हजार रुपए से बढ़ाकर 8 हजार रुपए किया गया, जिससे किसानों को आर्थिक सहयोग मिलेगा। मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रेवत सिंह राजपुरोहित ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 को मध्यनजर रखते हुए भाजपा किसान मोर्चा द्वारा 31 मार्च 2024 तक लोकसभा स्तर पर लाभार्थी किसान कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। भाजपा किसान मोर्चा द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम लाभार्थी किसान कार्यकर्ता सम्मेलन को प्रत्येक लोकसभा स्तर पर प्रभावी रूप से किया जाएगा। जिसमें मोर्चा के समस्त प्रदेश पदाधिकारी, जिला एवं मंडल पदाधिकारी मजबूती के साथ लग कर संमेलन को सफल बनाएंगे और राजस्थान से 25 के 25 लोकसभा सीट जीताकर पुनः मोदी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बनाएंगे।

## भारतीय प्रेस पत्रकार संघ अध्यक्ष अभय जोशी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने करी राज्य सभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी से शिष्टाचार मुलाकात

# पत्रकारों की लंबित मांगों को शामिल कर पत्रकारों को आवश्यक मुलभूत सुविधाएं उपलब्ध की रखीं मांग

### पत्रकारों की सभी समस्याओं के समाधान का करेंगे प्रयास : तिवाड़ी

चमकता राजस्थान



**जयपुर (खलील कुरैशी)।** भारतीय प्रेस पत्रकार संघ के प्रतिनिधी मंडल से मुखातिब होते हुए राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और इसमें कार्यरत पत्रकारों की सभी समस्याओं को राज्य सरकार दूर करेगी और भाजपा के लोकसभा चुनाव में जारी होने वाले घोषणा पत्र में भी यथासंभव मांगों को शामिल कर लिया जाएगा। वे रविवार को भारतीय प्रेस पत्रकार के प्रतिनिधिमंडल से अपने विचार रख रहे थे।

इस अवसर पर भारतीय प्रेस पत्रकार संघ अध्यक्ष अभय जोशी ने कहा की राजस्थान के पत्रकारों की अनेक महत्वपूर्ण मांगे लंबे समय से लंबित है। इनमे पत्रकार आवास, छोटे, लघु एवं मंझोले अखबारों को प्रति माह नियमित दो फुल पेज विज्ञापन जारी करने, पत्रकारों को राजस्थान रोडवेज की बसों में देश भर में निशुल्क यात्राएं रेलवे में पत्रकारों को सत्तर प्रतिशत छूट प्रदान करने, पत्रकारों को मेट्रो में निशुल्क यात्रा, पांच लाख तक की कैशलैस मेडिकल सुविधाए वरिष्ठ पत्रकारों की पेंशन सहायता राशि बढ़ाकर 25000 प्रतिमाह की जाए। पत्रकारों द्वारा किसी भी सरकारी चिकित्सक को घर पर दिखाने के दौरान पत्रकारों से कोई फीस सरकारी चिकित्सक ना लेवें।इस बात का सर्कुलर जारी किया जाए। किसी भी पत्रकार या उसके परिजन के गंभीर बीमारी में पीड़ित होने पर मुख्यमंत्री सहायता कोष से पत्रकार एवं उसके परिजन को 50 लाख तक के इलाज की व्यवस्था सरकार अपने स्तर करें। किसी भी पत्रकार के दुर्घटना अथवा बीमारी में निधन होने पर उसके परिवार को 25 लाख सहायता राशि एवं उसके परिजनों में से किसी एक को किसी भी सरकारी/गैर सरकारी निजी संस्थान में अनुकंपात्मक नौकरी प्रदान की जाए। जोशी ने कहा की सभी मांगों को लोकसभा चुनाव में भाजपा के जारी होने वाले घोषणा पत्र में शामिल कर पत्रकारों को राहत प्रदान करें।

राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने कहा की अधिकांश मांगे राज्य सरकार के स्तर पर हल हो जाएगी। जिनके लिए लोकसभा चुनाव बाद मुख्यमंत्री से चर्चा कर रास्ता निकालेंगे। इसके साथ को मांगे केंद्र सरकार के स्तर की है उन्हें घोषणा पत्र में शामिल कर लिया जाएगा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ पत्रकार कमलेश गोयल और महेशचंद्र शर्मा सहित अन्य पत्रकार मौजूद थे।

## विश्व आध्यात्मिक महोत्सव के समापन के साथ ही जयपुर आध्यात्मिक महोत्सव हुआ सम्पन्न

चमकता राजस्थान




**जयपुर।** भारत सरकार के सांस्कृतिक मंत्रालय एवं 160 से अधिक देशों में कार्यरत संस्था हार्टफुलनेस के संयुक्त तत्वावधान में कान्हा शांतिवनम् (हैदराबाद) में 14 मार्च 17 मार्च तक आयोजित हुए 'विश्व आध्यात्मिक महोत्सव' का समापन 17 मार्च को सम्पन्न हुआ जिसमें 100 से अधिक देशों के लगभग 300 से अधिक आध्यात्मिक एवं धार्मिक संगठनो एवं 75000 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

इसके साथ ही जयपुर में स्थानीय स्तर पर आयोजित जयपुर आध्यात्मिक महोत्सव का समापन भी सम्पन्न हुआ। इस महोत्सव में जयपुर में स्थित विभिन्न आध्यात्मिक एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रमुख एवं अनुयायियों को आमंत्रित किया गया था जिनमें से प्रमुख रूप से प्रजापिता ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, इस्कॉन, योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इण्डिया, गायत्री सप्त क्रांति ट्रस्ट जयपुर, विवेकानन्द केन्द्र कन्याकुमारी जयपुर केन्द्र, मानव उत्थान सेवा सिमित, ओशो ध्यान, बीएपीएस श्री स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर, आर्य प्रतिनिधि सभा राजस्थान, श्री गुरू गोविन्द सिंह चेयर फॉर नेशलन इंटीग्रेशन एण्ड सिक्ख स्टडीज़ (चेयरपर्सन श्री जसबीर सिंह), प्राकृतिक चिकित्सालय बापूनगर एवं अन्य संस्थाओं की भागीदारी रही। महोस्वत में सभी प्रितिभागियों ने उत्साह के साथ भाग लिया एवं 'आंतिरक शांति से विश्व शांति,' विषय पर अपने विचार सभी के साथ साझा किये एवं अपनी संस्था के बारे में जानकारी दी, जिनकी सभी प्रितभागियों ने सराहना की एवं भविष्य में इस तरह के आयोजन की आवशयकता पर बल दिया। सभी प्रितभागी आयोजन स्थल के वातावरण एवं प्रेम व भाइचारे की भावना से अभीभूत हुए। इसके साथ ही सभी संस्थाओं ने अपना साहित्य भी प्रदिर्शत एवं किया एवं उपलब्ध कराया गया।

हार्टफुलनेस संस्थान द्वारा अन्त में सभी प्रतिभागियों के धन्यवाद एवं आभार के साथ महोत्सव का समापन किया।

## जोशी ने की नव नियुक्त प्रदेश प्रवक्ता एवं पैनलिस्ट के साथ चर्चा




**चमकता राजस्थान। जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी ने प्रदेश कार्यालय में आगामी लोकसभा चुनाव की कार्ययोजना को लेकर नव नियुक्त प्रदेश प्रवक्ता एवं पैनलिस्ट के साथ विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, सह संयोजक पंकज मीणा एवं मेहराज चौधरी उपस्थित रहे।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी ने आज प्रदेश कार्यालय में आगामी लोकसभा चुनाव की कार्ययोजना को लेकर नव नियुक्त प्रदेश प्रवक्ता एवं पैनलिस्ट के साथ विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, सह संयोजक पंकज मीणा एवं मेहराज चौधरी उपस्थित रहे।

### 24 मार्च को होलिका दहन होगा , 25 मार्च को रंग वाली होली

# रविवार से होलाष्टक शुरू : 8 दिन तक नही होंगे मांगलिक कार्य

### होलिका दहन तक आठ दिनों में राशि अनुसार कौन-कौन से शुभ काम कर रहे सकते है

चमकता राजस्थान



**बालेर/विशाल अग्रवाल।** बीते दिन (रविवार,17 मार्च) से होलाष्टक शुरू हो गया है। होलाष्टक यानी होली से पहले के आठ दिन, इन आठ दिनों में विवाह, जनेऊ, मुंडन जैसे शुभ कार्य के मुहूर्त नही होते है, लेकिन होलाष्टक में पाठ-पूजा, नदी स्नान और तीर्थ दर्शन करने का महत्व काफी अधिक है। ज्योतिषाचार्य पं. कैलाश शर्मा कोसरा वाले के मुताबिक, होली से पहले के आठ दिनों में भक्त प्रहलाद ने कई यातनाएं भोगी थीं, लेकिन भगवान विष्णु जी की कृपा से प्रहलाद सभी समस्याओं को पार कर गया था।ये समय भक्ति के लिए बहुत अच्छा माना जाता है। अगर इन दिनों में राशि अनुसार शुभ काम करें तो कुंडली से जुड़े कई दोष शांत हो सकते है। यहां जानिए होलिका दहन तक राशि अनुसार कौन-कौन से शुभ काम किए जा सकते हैं।

**मेष और वृश्चिक राशि**-इन राशियों का स्वामी मंगल है। मंगल की पूजा शिवलिंग रूप में की जाती है, इसलिए मेष और वृश्चिक राशि के लोग रोज सुबह शिवलिंग पर लाल गुलाल और लाल फूल चढ़ाना चाहिए। मगंल के मंत्र ऊँ अं अंगारकाय नमः का जप कम से कम 108 बार करें।

**वृष और कन्या राशिः** ये दोनों बुध ग्रह की राशियां है।ये लोग बुध ग्रह के लिए हरे मूंग का दान करें। गणेश जी के ध्यान के साथ दिन की शुरुआत करें बुध के मंत्र ऊँ बुधाय नमः का जप करें।

**कर्क राशि** - इस राशि का स्वामी चंद्र है। शिव जी की पूजा से चंद्र से जुड़े कुंडली के दोष शांत होते है कर्क राशि के लोग रोज सुबह शिवलिंग पर जल-दूध चढ़ाए। शिव जी पर विराजित चंद्र देव की पूजा करें।

*ऊँ सोमाय नमः मंत्र का जप करें

**सिंह राशि** - इस राशि का स्वामी सूर्य है।सूर्य नो ग्रहों का राजा है। इस ग्रह के दोष दूर करने के लिए रोज सुबह सूर्य को जल चढ़ाएं और ऊँ सूर्याय नमः मंत्र का जप करें।

**धनु और मीन**- ये दो राशियां गुरु ग्रह की है।गुरु ग्रह की पूजा भी शिवलिंग रूप में कई जाती है।गुरु ग्रह के लिए बेसन के लडडू का दान करें। शिवलिंग पर पीले फूल चढ़ाए। ऊँ गुरुवे नमः मंत्र का जप करें

**मकर और कुंभ**- शनि ग्रह इन राशियों का स्वामी है। शनि ग्रह के लिए हर शनिवार तेल का दान करें।शनिदेव का तेल से अभिषेक करें। ऊँ शं शनैश्रराय नमः मंत्र का जप करें।

#### ● 8 दिन तक नहीं होंगे मांगलिक कार्य

» होली से 8 दिन पहले होलाष्टक लगते हैं। होलाष्टक में सभी मांगलिक कार्य पर रोक लग जाती है। होलाष्टक शब्द होली और अष्टक दो शब्दों से मिलकर बना है, जिसका अर्थ होता है होली के आठ दिन। होलाष्टक होली से 8 दिन पहले शुरू हो जाते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार इन आठ दिनों में कोई भी मांगलिक कार्यक्रम जैसे शादी, ब्याह, मुंडन, गृह प्रवेश आदि वर्जित माने जाते हैं। होलाष्टक के दौरान सभी ग्रह उग्र स्वभाव में रहते हैं, जिसके कारण शुभ कार्यों का अच्छा फल नहीं मिल पाता है।

#### ● होलाष्टक की तिथि

» होलाष्टक फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि 17 मार्च 2024 से शुरू हुए और फाल्गुन पूर्णिमा 24 मार्च 2024 पर समाप्त होंगे। इस दिन होलिका दहन होगा और 25 मार्च 2024 को रंगवाली होली खेली जाएगी।

#### ● होलाष्टक का महत्व

» होलाष्टक के दिनों में वातावरण में नकारात्मकता ऊर्जा का प्रवाह बढ़ जाता है। यही वजह है कि इस दौरान शुभ कार्य पर रोक लग जाती है। अष्टमी तिथि को चन्द्रमा,नवमी को सूर्य, दशमी को शनि, एकादशी को शुक्र, द्वादशी को गुरु, त्रयोदशी को बुध,चतुर्दशी को मंगल और पूर्णिमा को राहु उग्र अवस्था में रहते हैं। हिंदू मान्यताओं के अनुसार अगर कोई व्यक्ति होलाष्टक के दौरान कोई मांगलिक काम करता है तो उसे कई तरह की परेशानियां आती है, या फिर वह अधूर रह जाता है।

#### ● होलाष्टक से जुड़ी कथा

» पौराणिक कथा के अनुसार होलिका दहन से 8 दिन पहले यानी कि भगवान विष्णु के परम भक्त प्रहलाद को उनके पिता हिरण्यकशयप ने बहुत प्रताड़ित किया था। प्रहलाद को श्रीहरि की भक्ति से दूर करने के लिए हिरण्यकशयप ने सात दिनों तक कई यातनाएं दी थी। आठवें दिन हिरण्यकशयप की बहन होलिका ने अपनी गोद में बिठाकर प्रहलाद को भस्म करने की कोशिश लेकिन वह नाकाम हुई

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929